देश-विदेश
सुकेश ने जैकलीन को दी...
पृष्ठ 2
अमेरिका ने गिराई मेरी सरकार








संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार


PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

LD ****

सोमवार 12 अगस्त, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 28 श्रावण 2081

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 224
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200








# हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर सियासी बवाल

## विपक्ष ने केंद्र सरकार को जमकर घेरा, जेपीसी जांच की मांग, सत्तापक्ष ने भी किया पलटवार

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि सेबी की अध्यक्ष के खिलाफ लगे आरोपों से संस्था की शुचिता के साथ ''गंभीर समझौता'' हुआ है और उन्होंने पूछा कि क्या उच्चतम न्यायालय इस मामले पर फिर स्वत: संज्ञान लेगा। गांधी की यह टिप्पणी हिंडनबर्ग की उस रिपोर्ट के बाद आई है। गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''छोटे खुदरा निवेशकों की संपत्ति की सुरक्षा का दायित्व निभाने वाले प्रतिभूति नियामक सेबी की शुचिता, इसकी अध्यक्ष के खिलाफ लगे आरोपों से गंभीर रूप से प्रभावित हुई है।'' कहा, ''देश भर के ईमानदार निवेशकों के मन में सरकार के लिए कई सवाल हैं : सेबी की अध्यक्ष माधवी पुरी बुच ने अभी तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया? कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मामले पर जेपीसी गठित कर जांच करने की मांग की।



तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि असली अडाणी शैली में, सेबी अध्यक्ष भी उनके समूह में एक निवेशक हैं। क्रोनी कैपिटलिज्म अपने चरम पर है। इसके साथ ही महुआ मोइत्रा ने ये भी मांग की कि सीबाआई और ईडी कथित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच करें। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, 'हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा कुछ खुलासे किए गए हैं, जिन्हें सार्वजनिक रूप से सामने रखा गया है इनकी गहन जांच की आवश्यकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि कथित हितों के टकराव की कुछ झलक है।



### देश में आर्थिक अराजकता फैलाना चाहता है विपक्ष : भाजपा



बीजेपी की तरफ से हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर कमेंट सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जांच का सामना कर रही है हिंडनबर्ग के द्वारा सात समंदर पार से एक सुर उठाया जाता है और सारा विपक्ष उस में ताल मिलाने लगता है। विपक्ष संसद सत्र के साथ उसका संबंध जोड़ देते हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा कि इसका मतलब यह हुआ कि विपक्ष को यह पता था कि संसद सत्र के दौरान ही वो रिपोर्ट आनी थी। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पिछले कई सालों से जब भी भारत में संसद का सत्र चलता है तब ही विदेश में कोई न कोई रिपोर्ट छपती है। उन्होंने बीबीसी की उस डॉक्यूमेंट्री का जिक्र करते हुए कहा जो पीएम मोदी को लेकर बनाई गई थी, कि वो डॉक्यूमेंट्री संसद का सत्र शुरू होने से ठीक पहले आई थी। जनवरी में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट बजट सत्र शुरू होने से ठीक पहले आई थी। उन्होंने कहा यह सारी रिपोर्ट संसद सत्र के दौरान ही आती है। सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा, यह संदेह बहुत गहरा हो जाता है कि सीमा पार से विपक्ष के कुछ ऐसे तार जुड़े हुए हैं कि भारत के हर संसद सत्र के दौरान अस्थिरता और अराजकता पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस भ्रम फैलाकर भारत के अंदर आर्थिक अराजकता पैदा करना चाहती है।

### सेबी चीफ ने कहा- ये चरित्रहनन की कोशिश



हिंडनबर्ग की तरफ से जारी किए गए नए रिपोर्ट पर सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। माधवी पुरी बुच ने इन आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि हिंडनबर्ग के खिलाफ सेबी ने जांच की कार्रवाई की थी और कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अब हिंडनबर्ग ने इसके बदले में हमारे खिलाफ चरित्रहनन की कोशिश शुरू की है। माधवी ने इस ज्वाइंट स्टेटमेंट में स्पष्ट किया है, "हमारी जिंदगी और हमारे फाइनेंस एक खुली किताब हैं, हमने सेबी को समय-समय पर सारे डिस्क्लोजर दिए हैं"।

### सुप्रीम कोर्ट संज्ञान ले



हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट आने के बाद आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के लोगों के हजारों करोड़ रुपये डूब गए। फर्जी कंपनी से हजारों करोड़ निकाले गए। अडाणी कंपनी का शेयर बढाया गया। नई रिपोर्ट पर सुप्रीम कोर्ट संज्ञान ले।

### अडाणी ग्रुप ने रिपोर्ट को खारिज किया

अडाणी ग्रुप ने हिंडनबर्ग की इस ताजा रिपोर्ट को भ्रामक बताया है। कंपनी ने अपने ऑफिशियल स्टेटमेंट में कहा है, "हिंडनबर्ग द्वारा लगाए गए ये आरोप सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का गलत उद्देश्य के साथ, शरारती और जोड़-तोड़ वाला चयन है, जो तथ्यों और कानून का उल्लंघन करते हुए व्यक्तिगत मुनाफा कमाने के लिए पहले से तय निष्कर्षों पर पहुंचता है।"

## मणिपुर में चार की मौत

**पंजाब केसरी/इंफाल**

मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में उग्रवादियों और एक ही समुदाय के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी में चार हथियारबंद लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को मोलनोम इलाके में मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट (यूकेएलएफ) के एक उग्रवादी और एक ही समुदाय के तीन ग्रामीण स्वयंसेवकों की मौत हो गयी। इसके जवाब में ग्रामीण स्वयंसेवकों ने यूकेएलएफ के स्वयंभू प्रमुख एस एस हाओकिप के आवास को फूंक दिया। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के पीछे पलेल इलाके में उगाही पर नियंत्रण की वजह हो सकती है।

## किश्तवाड़ में मुठभेड़, तलाशी अभियान जारी

**पंजाब केसरी/जम्मू**


जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच संक्षिप्त गोलीबारी हुई। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, ''किश्तवाड़ पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच संक्षिप्त गोलीबारी हुई है। सर्च ऑपरेशन जारी है।'' इस बीच, सुरक्षा बलों द्वारा छह अगस्त को आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित होन के बाद उधमपुर जिले के बसंतगढ़ वन क्षेत्र में भी तलाशी ली जा रही है। पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए, जिन्हें आखिरी बार मल्हार, बानी और ढोक में देखा गया था।

### अनंतनाग मुठभेड़ में घायल नागरिक की मौत, मृतकों की संख्या तीन हुई

अनंतनाग जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ में घायल दो नागरिकों में से एक की रविवार तड़के इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे अनंतनाग मुठभेड़ में मारे गए नागरिकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को आतंकवादियों की गोलीबारी में घायल हुए अब्दुल राशिद डार की रविवार तड़के यहां एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शनिवार को 10,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित अनंतनाग जिले के अहलान गगरमांडू वन क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ में दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे और दो नागरिक घायल हो गए थे। अधिकारियों के मुताबिक, चुनौतीपूर्ण भौगोलिक स्थिति के बावजूद आतंकवादियों की तलाश के लिए अभियान जारी रहा। शनिवार को कोकेरनाग क्षेत्र के सुदूरवर्ती अहलान गगरमांडू जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया गया था।

## पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): लंबे समय से बीमार पूर्व विदेश मंत्री के नटवर सिंह का शनिवार देर रात निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। एक पारिवारिक सूत्र ने बताया कि नटवर सिंह ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां वह पिछले कुछ हफ्तों से भर्ती थे। सूत्र ने बताया, नटवर सिंह का शनिवार देर रात निधन हो गया। उनके पुत्र अस्पताल में हैं। पिछले कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। नटवर सिंह का जन्म 1931 में राजस्थान के भरतपुर जिले में हुआ था। वह 2004-05 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार में विदेश मंत्री पद पर काबिज थे। सिंह का गांधी परिवार से करीबी संबंध रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे समेत अनेक नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।




### बारिश से सराबोर दिल्ली, सड़कें हुई पानी-पानी

◆ पढ़ें पृष्ठ 8 पर ◆

## करंट और डूबने से दो बच्चों की मौत

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली



दिल्ली में शनिवार को हुई बारिश के दौरान रणहौला और रोहिणी सेक्टर-20 में दो बच्चों की करंट लगने और पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। रणहौला के कोटला फेस- दो स्थित एक ग्राउंड में क्रिकेट खेलते वक्त 13 वर्षीय आदित्य राज की लोहे के पोल से करंट लगने से मौत हो गई। वह पोल के पास बॉल उठाने के लिए गया था। तभी उसे करंट लग गया। एक व्यक्ति ने क्रिकेट बैट की मदद से उसे पोल से छुड़ाया और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने इस बाबत भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना रोहिणी सेक्टर-20 स्थित डीडीए के डिस्ट्रिक्ट पार्क की है। यहां छट पूजा के लिए बने घाट में बारिश का पानी भर गया था। जिसकी वजह से पार्क के अंदर एक बड़ा तालाब बन गया है। डीसीपी (रोहिणी) जीएस सिद्धू ने बताया कि सात वर्षीय तरुण शाम के वक्त तालाब में डूब गया था। शुरुआती जांच में पता चला है कि वह पानी में नहाने के लिए गया था। तभी यह हादसा हुआ। पुलिस मामले में उचित कानूनी कार्रवाई कर रही है। **(पृष्ठ 6 भी देखें)**

**उत्पादकता बढ़ेगी** | **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जारी किये 109 किस्म के बीज**

## कृषि में नई क्रांति लाएंगे जलवायु अनुकूल बीज

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कृषि और बागवानी फसलों की उच्च उपज वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सुदृढ़ीकृत बीजों की 109 किस्मों को जारी किया। इस पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है। इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने विकसित किया है और ये कुल 61 फसलों से संबंधित हैं। इनमें 34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें हैं।

मोदी ने दिल्ली के पूसा परिसर में तीन प्रायोगिक कृषि भूखंडों पर बीजों को पेश किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत भी की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी ने किसानों के साथ इन नई किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर दिया।

इस अवसर पर मौजूद किसानों ने कहा कि 61 फसलों से संबंधित ये नई किस्में कम लागत के कारण उनके लिए अत्यधिक लाभकारी होंगी। प्रधानमंत्री ने बाजरे के महत्व पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि लोग किस तरह पौष्टिक भोजन का रुख कर रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों की बढ़ती रुचि के बारे में भी बात की। मोदी ने कहा कि लोगों ने जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग और मांग करना शुरू कर दिया है। बयान के मुताबिक, किसानों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में सरकार के प्रयासों और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की भूमिका की भी सराहना की। मोदी ने सुझाव दिया कि केवीके को हर महीने विकसित की जा रही नई किस्मों के लाभों के बारे में किसानों को सक्रिय रूप से बताना चाहिए। प्रधानमंत्री ने इन नई फसल किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की भी सराहना की। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि आज का दिन किसानों के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि 61 फसलों की बीजों की 109 किस्में जारी की गई हैं।



# उफनती नदी में बह गया वाहन, एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत

**मृतकों का परिवार हिमाचल से शादी समारोह में शामिल होने पंजाब जा रहा था**

**होशियारपुर,**(पंजाब केसरी): पंजाब के होशियारपुर से लगभग 34 किलोमीटर दूर जैजों में रविवार को पानी से लबालब छोटी बरसाती नदी में एक वाहन के बह जाने से एक परिवार के आठ सदस्यों समेत नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लापता हो गए। पुलिस ने बताया कि परिवार के 11 सदस्य एसयूवी चालक के साथ हिमाचल के ऊना के मेहतपुर के निकट देहरा से विवाह समारोह में शामिल होने पंजाब के एसबीएस नगर जिले के मेहरोवाल गांव जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि कुछ स्थानीय लोगों ने पानी की तेज लहरों के कारण वाहन चालक को नदी पार करने को लेकर आगाह भी किया, लेकिन वह उनकी बात अनसुनी कर आगे बढ़ गया। हालांकि, स्थानीय निवासी वाहन में सवार दीपक भाटिया को किसी तरह बचाकर जैजों में सरकारी चिकित्सालय ले गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र लांबा ने बताया कि नदी से पांच महिलाओं समेत नौ लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि दो लापता लोगों की तलाश जारी है। मृतकों की पहचान सुरजीत भाटिया, उनकी पत्नी परमजीत कौर, भाई स्वरूप चंद, भाभी बिंदर, भतीजियों भावना और अनु, भतीजे हर्षित और वाहन चालक बिंदु के रूप में हुई है।

## सात युवकों की डूबने से मौत

**जयपुर, (पंजाब केसरी): राजस्थान के भरतपुर जिले के बयाना सदर थाना क्षेत्र में रविवार को बाणगंगा नदी में नहाते समय सात युवकों की डूबने से मौत हो गई। श्रीनगर गांव के आठ युवक गांव के पास से बह रही बाणगंगा नदी में नहाने गए थे तथा नदी में एक गहरा गड्ढे में सात युवक फंस गये और डूब गए जबकि एक युवक सुरक्षित बच निकला। उसने गांव में जाकर घटना की जानकारी दी तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी सात शवों को बाहर निकाला गया। थानाधिकारी बलराम यादव ने बताया कि मृतक युवकों की पहचान पवन सिंह जाटव (20), सौरभ जाटव (18), भूपेंद्र जाटव (18), शांतनु जाटव (18), लक्खी जाटव (20), पवन जाटव (22) और गौरव जाटव (16) के तौर पर हुई है। सभी मृतक युवक आपस में रिश्तेदार हैं।**

## यमुना में डूबने से 3 बच्चों की मौत

**फरीदाबाद/ पलवल,(पंजाब केसरी): खादर क्षेत्र के गांव भोलड़ा में उस समय कोहराम मच गया। जब एक ही परिवार के दो बच्चियों सहित तीन की यमुना नदी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल पसरा हुआ है। इन बच्चों में 12 वर्षीय पूजा पुत्री सतपाल, 10 वर्षीय ममता पुत्री ज्ञानचंद एवं 11 वर्षीय करण पुत्र लालाराम बताए गए है।**

# अमेरिका ने गिराई मेरी सरकार : हसीना

- **सेंट मार्टिन आइलैंड नहीं देने और बंगाल की खाड़ी को अमेरिकी कंट्रोल में नहीं देने की कीमत चुकाई : कट्टरपंथियों की हिंसा में मरने वालों की संख्या को बढ़ने नहीं देना चाहती थी**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : बंगलादेश में प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के 6 दिन बाद शेख हसीना ने कहा है कि अमेरिका को सेंट मार्टिन आइलैंड न देने की वजह से उनकी सरकार गिराई गई है। एक अखबार के मुताबिक, हसीना ने अपने करीबी सहयोगियों से कहा कि मैं कट्टरपंथियों की हिंसा में मरने वालों की संख्या को बढ़ने नहीं देना चाहती थी। वे छात्रों के शवों के जरिए सत्ता हासिल करना चाहते थे। लेकिन मैंने पद छोड़कर ऐसा नहीं होने दिया। हसीना ने कहा कि मैं सेंट मार्टिन द्वीप और बंगाल की खाड़ी को अमेरिकी कंट्रोल में देकर अपनी कुर्सी बचा सकती थी। मैं देशवासियों से अपील करती हूं कि वे कट्टरपंथियों के बहकावे में न आएं। अल्लाह की कृपा से मैं बंगलादेश जल्द लौटूंगी। छात्रों के आंदोलन पर बात करते हुए हसीना ने कहा कि मैंने कभी उन्हें रजाकार नहीं बुलाया। देश में अस्थिरता लाने के लिए मेरे शब्दों को गलत तरह से पेश किया गया। बांग्लादेश की जनता की मासूमियत का फायदा उठाते हुए यह साजिश रची गई है।



## बंगलादेश से सेंट मार्टिन द्वीप मांग रहा अमेरिका

**इससे पहले जून 2021 में बांग्ला अखबारों में दावा किया गया था कि अमेरिका, बंगलादेश से सेंट मार्टिन द्वीप की मांग कर रहा है। वह यहां मिलिट्री बेस बनाना चाहता है। इसके बाद बांग्लादेश वर्कर्स पार्टी के अध्यक्ष रशीद खान मेनन ने भी संसद में कहा कि अमेरिका सेंट मार्टिन द्वीप हासिल करना चाहता है और क्वाड का मेंबर बनने के लिए दबाव बना रहा है। सेंट मार्टिन द्वीप जिसे लेकर बंगलादेश की राजनीति में इतना हंगामा मचा वह सिर्फ 3 वर्ग किमी का एक द्वीप है। म्यांमार से इसकी दूरी सिर्फ 5 मील है। जून 2023 को पीएम हसीना ने कहा था कि विपक्षी बीएनपी पार्टी अगर सत्ता में आई तो वे सेंट मार्टिन बेच देंगे।**

## पंजाब मेल में आग की अफवाह से मची भगदड़

**शाहजहांपुर, (पंजाब केसरी) : हावड़ा से अमृतसर जा रही 13006 पंजाब मेल एक्सप्रेस के जनरल कोच में आग लगने की अफवाह के चलते यात्रियों में घबराहट फैल गई। घटना सुबह करीब 8:00 बजे हुई, जब ट्रेन नदी के पुल पर आधी और आधी बाहर थी। चालक ने ट्रेन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन यात्री जल्दीबाजी में ट्रेन से कूदने लगे, जिससे भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना में 20 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं, जिनमें से 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सुबह 10:10 पर ट्रेन को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर एक पर रोका गया। रेलवे के अधिकारी और आरपीएफ के जवान पहुंच गए।**

## आरोपी ने कबूला गुनाह, मोबाइल में मिले पोर्न वीडियो

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या और यौन उत्पीड़न के आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। कोलकाता पुलिस के सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। आरोपी संजय रॉय के मोबाइल में एक पोर्न वीडियो भी मिला है। सूत्रों के अनुसार, संजय रॉय एक सिविक पुलिस के तौर पर पहचाना जाता है। इसे मूल रूप से बंगाल में पुलिस की सहायता के लिए बनाया गया था और यह पुलिस कल्याण बोर्ड का भी हिस्सा था। यही कारण है कि वह अस्पताल में आसानी से आ-जा सकता था। उसे सुबह करीब 4 बजे अस्पताल में प्रवेश करते देखा गया। सीसीटीवी फुटेज में वह पुलिस से पूछताछ करता हुआ दिखाई दे रहा है। सूत्रों ने कहा है कि आरोपी का ईयरफोन एक बहुत ही महत्वपूर्ण सुराग है क्योंकि वह अस्पताल में प्रवेश करते समय ईयरफोन लगाए हुए था। हालांकि, जब वह बाहर निकला तो यह ईयरफोन वहां नहीं था। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने यह ईयरफोन जब्त कर लिया। इससे उसे इस केस को सुलझाने में मदद मिली। आपको बता दें कि रॉय को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और उसे 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी पर बीएनएस की धारा 64 (बलात्कार) और 103 (हत्या) के तहत आरोप लगाए गए और उसे सियालदह अदालत में पेश किया गया। वहां उसे 23 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। एक्स पर एक पोस्ट में राजभवन ने कहा कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य सरकार से मामले में तत्काल कार्रवाई करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। पोस्ट में कहा गया है, "एचजी ने राज्य सरकार से मामले में तत्काल कार्रवाई करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।




"यदि मन पवित्र है तो तीर्थ स्थान का फल घर ही में प्राप्त हो जाता है, कहीं जाने की आवश्यकता नहीं होती।
-संत रविदास






# दलितों में क्रीमी लेयर

**भारत** के संविधान में वही सब कुछ समाहित है जिसका वादा महात्मा गांधी ने स्वतन्त्रता संग्राम लड़ते हुए देश के लोगों से किया था। चाहे वह प्रत्येक वयस्क को मताधिकार का मुद्दा हो या अनुसूचित जातियों व जनजातियों के आरक्षण का हो। बाबा साहेब अम्बेडकर को भारत का संविधान लिखने के लिए भी महात्मा गांधी ने कांग्रेस के नेताओं को मजबूर किया था और सुनिश्चित किया था कि भारत के पांच हजार साल पुराने इतिहास में ऐसी पुस्तक आये जिसमें हर जाति वर्ग के व्यक्ति को बराबर का दर्जा दिया जाये। अत: भारत का संविधान मानवीय इतिहास का अनूठा दस्तावेज माना जाता है। इसमें रद्दोबदल का अधिकार बेशक संसद के पास है मगर इसके आधारभूत ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता। यह सनद रहनी चाहिए कि संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द बेशक 1976 में इमरजेंसी के दौर में जोड़ा गया हो मगर 1973 में ही सर्वोच्च न्यायालय ने केशवानन्द भारती मुकदमे में साफ कर दिया था कि धर्मनिरपेक्षता संविधान के मूल ढांचे का अभिन्न अंग है जिसके साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। इसी प्रकार अनुसूचित जातियों व जनजातियों को दिया गया आरक्षण संविधान के आधारभूत अंगों का एक अंश है जो हजारों साल से इन जातियों के साथ किये जा रहे भेदभाव को देखते हुए किया गया था।

दलितों के साथ, हिन्दू समाज के साथ ही समस्त भारतीय समाज में जिस प्रकार की छुआछूत व्याप्त थी उसे देखते हुए ही महात्मा गांधी ने 1930 से लेकर 1936 तक अस्पृश्यता निवारण आन्दोलन चलाया था और इस दौरान उन पर कई बार जानलेवा हमले भी हुए थे। अत: यह मामला इतना सतही नहीं है कि आजादी के 75 वर्षों बाद ही हम अनुसूचित जातियों व जनजातियों में 'क्रीमी लेयर' का मसला खड़ा करने लगें। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने पिछले 1 अगस्त को जो फैसला इस सन्दर्भ में दिया है उसमें दलितों के बीच विभिन्न उपवर्गों की बात सही है मगर इनमें क्रीमी लेयर को खोजना वस्तुगत तथ्यों के अनुकूल नहीं लगता क्योंकि हजारों सालों से हिन्दू समाज ने अनुसूचित जातियों व जनजातियों के लोगों के साथ पशुओं से भी बदतर व्यवहार किया है। हजारों साल के अन्याय को क्रीमी लेयर की आड़ में हम तर्कसंगत कैसे मान सकते हैं ?

सवाल यह नहीं है कि आरक्षण के चलते दलितों के कुछ उपवर्गों के लोगों की स्थिति में सुधार आया है, सवाल यह भी नहीं है कि इन उपवर्गों के लोग आरक्षण का लाभ उठा रहे हैं, बल्कि असली सवाल यह है कि इन लाभार्थी समझे जाने वाले उपवर्गों के बारे में समाज की दृष्टि बदली है या नहीं? इसका उत्तर हमें नकारात्मक मिलता है। अत: एनडीए सरकार का यह कहना पूरी तरह उचित है कि दलितों में क्रीमी लेयर के प्रश्न पर वह सर्वोच्च न्यायालय से सहमत नहीं है और इसका संविधान में कोई प्रावधान नहीं देखती है। अब कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी इससे मिलती-जुलती राय प्रकट की है और सरकार को आगाह किया है कि वह जल्दी ही एक विधेयक लाकर इस खतरे को दूर करे और सुनिश्चित करे कि दलितों या अनुसूचित जाति या जनजाति वर्ग में किसी प्रकार का बदलाव नहीं होगा। श्री खड़गे स्वयं अनुसूचित जाति के हैं और भलीभांति जानते हैं कि वर्तमान समाज में भी इस वर्ग के लोगों के साथ किस प्रकार का भेदभाव समाज में किया जाता है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि दक्षिण भारत के कई इलाकों में आज भी दलितों को मन्दिर में जाने से रोका जाता है और उत्तर भारत में भी उनके साथ निकृष्ठतम व्यवहार किया जाता है। आज भी दलित बस्तियां गांवों के बाहरी छोरों पर स्थित हैं यहां तक कि इनके मन्दिर तक अलग होते हैं। फिर चाहे वे किसी भी उपवर्ग के हों। समाज में सभी उपवर्गों के साथ छुआछूत अभी तक व्याप्त है। हजारों सालों से दलितों का साया पड़ जाने पर भी अपवित्र हो जाने की जिस समाज में कुरीति हो उसे क्या 75 सालों में समाप्त किया जा सकता है। अत: बहुत जरूरी है कि हम समय रहते आवश्यक विधेयक लाकर दलितों के बीच क्रीमी लेयर की अवधारणा को जड़ से समाप्त करें और आरक्षण को तब तक जारी रखें जब तक कि इस वर्ग के लोगों को शेष समाज अपने बराबर न समझे। हमारा संविधान यही कहता है कि प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म या सम्प्रदाय अथवा समुदाय का हो, एक समान है।

संविधान की प्रस्तावना ही न्याय, समता व बन्धुत्व के सिद्धान्त से बंधी हुई है। आरक्षण का उद्देश्य भी यही था। हम अपने आदिवासी भाइयों को जंगली मानते थे। यदि आरक्षण के चलते इनकी कुछ जातियों की स्थिति में बदलाव आया है तो हम उसे क्रीमी लेयर कैसे कह सकते हैं। भारत में हर जाति में सैकड़ों उपजातियां होती हैं। उदाहरण के लिए यदि क्षत्रियों की जातियों को ही गिना जाये तो ये हजारों में जाकर बैठेगी। इनमें भी ऊंच-नीच का भेदभाव होता है। पूरे हिन्दू समाज में ही यह बीमारी व्याप्त है। जब इकसार कोई जाति ही नहीं है तो पूरा दलित वर्ग या अनुसूचित जातियों के लोग कैसे हो सकते हैं। इस प्रकार की क्रीमी लेयर तो हमें हर जाति में मिल जायेगी मगर समाज में इनकी स्थिति क्या है, देखने वाली बात यह है। अत: दलितों के बीच क्रीमी लेयर ढूंढना व्यावहारिक तौर पर संविधान के प्रावधानों के अनुकूल कैसे कहा जा सकता है अत: संविधान संशोधन विधेयक जल्दी लाये जाने की जरूरत है।

## अडाणी के खिलाफ आरोपों की जांच हुई

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की नई रिपोर्ट आने के बाद पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपनी पहली टिप्पणी में रविवार को कहा कि उसने अडाणी समूह के खिलाफ सभी आरोपों की विधिवत जांच की है। सेबी ने बयान में कहा कि उसकी चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने समय-समय पर संबंधित जानकारी दी और संभावित हितों के टकराव से जुड़े मामलों से खुद को अलग रखा। नियामक ने कहा कि उसने अदाणी के खिलाफ हिंडनबर्ग द्वारा लगाए गए आरोपों की विधिवत जांच की है। उसकी 26 पहलुओं में से सिर्फ एक पहलू की जांच बची है और वह भी पूरी होने वाली है। सेबी ने कहा कि बुच ने समय-समय पर 'संबंधित खुलासे' किए हैं, और संभावित हितों के टकराव से जुड़े मामलों से खुद को अलग भी रखा है। इससे पहले, बुच और उनके पति धवल ने आरोपों को निराधार बताया था। दंपति ने कहा कि हिंडनबर्ग पूंजी बाजार नियामक की विश्वसनीयता पर हमला कर रही है और चेयरपर्सन के चरित्र हनन का भी प्रयास कर रही है।






SAMVAD RO. No. 1089/13/1746/2025/28738/142/7 Dt. 11/08/2024

## 14 अगस्त से पदयात्रा कर दिल्ली की जनता से मिलेंगे सिसोदियाः पाठक

# तिहाड़ से बाहर आते ही सिसोदिया ने संभाली विधानसभा चुनाव की कमान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : 17 महीने बाद तिहाड़ जेल से घर लौटे आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की कमान संभाल ली है। उन्होंने दिल्ली के अंदर आम आदमी पार्टी की मजबूती को धार देने और चुनाव में भाजपा को कड़ी पटखनी देने पर काम शुरू कर दिया है। इसी उद्देश्य से जेल से बाहर आने के तीसरे दिन ही उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाने के लिए अपने आवास पर 'आप" के तमाम बड़े नेताओं के साथ उच्च स्तरीय मैराथन बैठक की। बैठक की जानकारी देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि मनीष सिसोदिया 12 अगस्त को पार्टी के विधायकों और 13 अगस्त को पार्षदों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद 14 अगस्त से वो पूरी दिल्ली में पदयात्रा करेंगे और जनता से मिलकर दिल्ली का काम रोकने की कोशिश कर रही भाजपा की साजिशों को बताएंगे। इस दौरान

**मनीष सिसोदिया के आवास पर हुई पार्टी की उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया फैसला, विधानसभा चुनाव को लेकर बनाई गई विस्तृत रणनीति**

**सिसोदिया आज 'आप' विधायकों और 13 अगस्त को पार्षदों के साथ करेंगे बैठकः पाठक**

बैठक में मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के मौजूदा राजनीतिक हालातों के बारे में फीडबैक लिया और विधानसभा चुनाव में किस तरह से भाजपा की जमानत जब्त कराएंगे, इस पर विस्तृत चर्चा कर रणनीति बनाई गई। इस दौरान नेताओं के आए सुझावों पर भी विचार किया गया और परिस्थितियों के अनुसार उस पर रणनीति बनाकर आगे काम करने पर सहमति बनी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह, दिल्ली प्रदेश संयोजक व मंत्री गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, आतिशी, इमरान हुसैन, राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, विधायक दुर्गेश पाठक, वरिष्ठ नेता जस्मिन शाह समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



### केजरीवाल करेंगे सिसोदिया को पद देने का फैसला

सिसोदिया को कोई पद देने के सवाल पर डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि आने वाले समय में अरविंद केजरीवाल इसका फैसला लेंगे। इस समय हरियाणा चुनाव के लिए हमारी तैयारी चल रही है। अब तक हमने हरियाणा में करीब 40 से 50 जनसभाएं की हैं, जिसमें केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल भी शामिल रहीं ।

### सभी विधायकों के साथ आज करेंगे बैठक

सिसोदिया के नेतृत्व में हुई पार्टी की उच्च स्तरीय बैठक के बारे में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि सोमवार को सभी विधायकों की मीटिंग होगी, जिसमें सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके बाद मंगलवार को मनीष सिसोदिया सभी पार्टी के पार्षदों के साथ मीटिंग करेंगे। इसके बाद 14 अगस्त से मनीष सिसोदिया दिल्ली की जनता से मिलने के लिए पूरी दिल्ली में पदयात्रा के लिए निकलेंगे और लोगों से बात करेंगे। इस देश की जनता को अब यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा का केवल एक ही एजेंडा है कि किसी तरह दिल्ली वालों का काम रोका जाए और आम आदमी पार्टी को तोड़ा जाए।

### दिल्लीवाले भाजपा को नहीं देंगे एक भी सीट, हमें पूरा विश्वासः भारद्वाज

बैठक से पहले दिल्ली सरकार में मंत्री और 'आप' के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 17 महीने बाद जब से मनीष सिसोदिया जेल से घर लौटे हैं, तब से हमारे नेताओं, पार्टी कैडर और दिल्ली की जनता में बहुत जोश है और लोग हमें सड़क पर रोक-रोक कर बधाई दे रहे हैं। हमारे विधायकों के घर लोग पहुंच कर बधाई दे रहे हैं, विधायकों के दफ्तरों में लोग लड्डू बांट रहे हैं। ऐसे जोश के बीच आम आदमी पार्टी के तमाम बड़े नेता आने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में किस तरह से भाजपा की जमानत जब्त करना है, इसके बारे में चर्चा करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में दिल्लीवाले भाजपा को एक भी सीट नहीं देंगे।

## दिल्ली के मतदाताओं ने 'आप' को पूरी तरह किया खारिज : कपूर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी की हुई बैठक पर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि जनवरी 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे दिल्ली में अराजक अरविंद केजरीवाल शासन के अंत का करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अजीब है कि आम आदमी पार्टी के नेता दिल्ली में जीत की उम्मीद कर रहे हैं, जबकि हाल ही में दिल्ली वालों ने संसदीय चुनाव के दौरान अरविंद केजरीवाल की उन्हें जेल जाने से बचाने के लिए आम आदमी पार्टी को वोट देने की अपील तक को ठुकरा दिया था। उन्होंने आगे कहा कि 'आप' ने लोकसभा चुनाव को केजरीवाल की जेल पर जनमत संग्रह बना दिया, लेकिन दिल्ली, गोवा और गुजरात के मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी को पूरी तरह से खारिज कर दिया। वहीं पंजाब में पूर्ण सरकार होने के बावजूद आम आदमी पार्टी आंशिक सफलता ही प्राप्त कर पाई।



**लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को नकारा**

## संक्षिप्त समाचार...

### नीट पीजी में सवा दो लाख अभ्यर्थी शामिल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : मेडिकल पीजी की प्रवेश परीक्षा देश भर के 170 शहरों में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। एनबीईएमएस द्वारा 2,28,540 उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। इस उच्च स्तरीय परीक्षा के सुरक्षित और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े उपाय किए गए थे, क्योंकि इसके पहले कदाचार की संभावना के मद्देनजर इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। यह परीक्षा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) द्वारा आयोजित कराई गई थी। परीक्षा एक ही दिन में दो पालियों में आयोजित की गई ताकि परीक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ और प्रतिष्ठित केंद्रों का चयन किया जा सके। एनबीईएमएस द्वारा 2,28,540 उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी किए गए।

### प्रोफेसर हरित्मा चोपड़ा बनी प्रधानाचार्या

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) प्रशासन ने रसायन विज्ञान की प्रो. हरित्मा चोपड़ा को मैत्रेयी कॉलेज का स्थाई प्रधानाचार्य नियुक्त किया है। रसायन विज्ञान विषय में अपने शोध के लिए उन्हें वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नई दिल्ली से फेलोशिप भी मिली। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर उनके नाम कई प्रकाशन हैं। इनमें पुस्तक अध्याय, संपादित पुस्तक खंड और शोध पत्र शामिल हैं। प्रो. चोपड़ा यूजीसी और दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा गठित विभिन्न समितियों के बोर्ड सदस्य हैं। गौरतलब है कि प्रो. चोपड़ा एक सुयोग्य प्राशसक, कुशल वक्ता एवं अत्यन्त विनम्र, मृदुभाषी स्वभाव की हैं। इस दौरान कॉलेज के सभी कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं गुलदस्ता देकर उनका सम्मान किया।

### 'झुग्गीवासियों ने ठाना है, भाजपा को लाना है"



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भाजपा दिल्ली शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए गए झुग्गी झोपड़ी अभियान के अंतर्गत आज बाहरी दिल्ली जिला में भाजपा प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल का प्रवास रहा। जिसके तहत उन्होंने जिले के अंतर्गत विधानसभा में विभिन्न -विभिन्न सेवा बस्तियों में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविरो में जाकर स्थानीय निवासियों से संवाद किया व उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उनके साथ वार्ड -51 रोहि योजन कराया। इसमें सौ से अधिक महिलाओं ने अपनी भागीदारी दी। इसका आयोजन आयोजन वर्धमान रिसाइक्लिंग ने नेशनल एसोसिएशन ऑफ मेंटर्स फॉर एडोलसेंट हेल्थ के साथ मिलकर किया है। उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए नेशनल एसोसिएशन ऑफ मेंटर्स फॉर एडोलसेंट हेल्थ की अध्यक्ष जीटीबी हॉस्पिटल की डॉ सीमा प्रकाश ने ब्रेस्ट कैंसर सहित सरवाइकल कैंसर की बारिकियों को समझाया।

### कैंसर को लेकर महिलाओं को किया जागरूक



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारत में सरवाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। जीवनशैली सहित कई कारक इसके लिए जिम्मेदार हैं। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होना होगा। जो जितना अधिक जागरूक रहेगा, उसका कैंसर से उतना ही ज्यादा बचाव हो सकता है। समाजसेवी आनंद प्रकाश जैन की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर डी-3 वसंतकुज के कम्युनिटी सेंटर में रचना नरेश जैन ने कैंसर को लेकर जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन कराया। इसमें सौ से अधिक महिलाओं ने अपनी भागीदारी दी। इसका आयोजन आयोजन वर्धमान रिसाइक्लिंग ने नेशनल एसोसिएशन ऑफ मेंटर्स फॉर एडोलसेंट हेल्थ के साथ मिलकर किया है। उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए नेशनल एसोसिएशन ऑफ मेंटर्स फॉर एडोलसेंट हेल्थ की अध्यक्ष जीटीबी हॉस्पिटल की डॉ सीमा प्रकाश ने ब्रेस्ट कैंसर सहित सरवाइकल कैंसर की बारिकियों को समझाया।

### '21 वां मटकी फोड़ कार्यक्रम 26 अगस्त को"



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : संस्था संस्थापक व वरिष्ठ भाजपा नेता, अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट जय भगवान गोयल ने बताया कि '21 वां मटकी फोड़ कार्यक्रम गोविन्दा आला रे" का इस बार इंदिरा गांधी स्टेडियम, नजदीक आईटीओ दिल्ली में आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव 26 अगस्त को धूमधाम और भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए रविवार को महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। बैठक में 'गोविन्दा आला रे" गाते हुए मटकी फोड़ टीम के गोविन्दाओं का प्रवेश विशेष आकर्षण का केन्द्र बना रहा। बैठक में गोविन्दाओ के उत्साह को देखकर कार्यक्रम के निदेशक मनदीप गोयल बताया कि सभी के विशेष सुझावों को मानते हुए ही भारतीय शैली के सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खैर अपने बैंड कैलासा के साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### सफदरजंग में कर्मचारियों को किया जागरूक



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : कार्यस्थल पर असुरक्षित माहौल से निपटने के लिए सफदरजंग अस्पताल में शनिवार को कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देना था, जिसमें यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 (पोश) पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यशाला में अस्पताल के विभिन्न विभागों के 50 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें नर्सिंग अधिकारी, नर्सिंग अटेंडेंट और एमटीएस शामिल थे। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने बताया कि यह कार्यशाला केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि पोश अधिनियम के तहत अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में ज्ञान के साथ हमारे कर्मचारियों को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के लिए जीरो टॉलरेंस के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया।

## भाजपा और आप की राजनीतिक लड़ाई में दिल्ली बर्बाद : देवेन्द्र यादव

**आप के खिलाफ अपनी लड़ाई लड़ते रहेंगेः कांग्रेस**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी और भाजपा सरकारों की विफलताओं का खामियाजा दिल्ली के नागरिक अपनी जान देकर भुगत रहे हैं, भारी बारिश से हुए जल भराव के कारण दिल्लीवासियां की जान खतरे में है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष दिल्ली में भारी बारिश होने से होने वाले जल भराव से, नाले, नालियां, गड्ढे भरने, ट्रेफिक जाम, टूटी सड़के, इमारतें गिरने से लोगों की जान जा रही हैं परंतु भाजपा और आम आदमी पार्टी बदहाल हालात को सुधारने के लिए कुछ नही किया। उन्होंने पूछा कि पूछा कि आखिर यह सब कुछ कब तक चलेगा?



देवेन्द्र यादव

देवेन्द्र यादव ने कहा कि मानसून से पहले मैंने उपराज्यपाल को पत्र लिखा था कि वो सुनिश्चित करें कि ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह साफ हो। उन्होंने उपराज्यपाल से पूछा कि उन्हें बारापुला का निरीक्षण करने के लिए एनजीटी के आर्डर का इंतजार क्यों करना पड़ा? जबकि दिल्ली के आधे से अधिक नाले ठप पड़े है, जिसको हमने पहले ही बता दिया था। उपराज्यपाल के बारापुला निरीक्षण में साफ हो गया कि बारापुला की 12 खाड़ियों में से सिर्फ 5 चालू है और कुशक नाले की 7 में से 4 खाड़ियां चालू है। यादव ने उपराज्यपाल, दिल्ली सरकार, डीडीए, दिल्ली नगर से पूछा कि वर्षों से ठप पड़े ड्रेनेज सिस्टम के लिए दोषी कौन है? देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस दिल्लीवालों के साथ खड़ी है और दिल्ली की समस्याओं को दिल्लीवालों के साथ मिलकर निपटाने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते दिल्ली के नागरिकों से वादा करता हूँ कि जब तक सरकारें दिल्ली को सुव्यवस्थित नहीं कर देती कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभाते हुए भाजपा और आम आदमी पार्टी के खिलाफ अपनी लड़ाई लड़ती रहेगी।

## विषम परिस्थितियों में हमारे वॉलंटियर्स ने नहीं हारी हिम्मत, जल्द संकट से आएंगे बाहरः मनीष सिसोदिया



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : तिहाड़ से बाहर आने के बाद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पटपड़गंज से विधायक मनीष सिसोदिया रविवार को अपने विधायक कार्यालय पहुंचे और सभी वॉलेंटियर्स के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अपनी अनुपस्थिति में पटपड़गंज की जनता का दिल से सेवा करने और उनके जरूरी मुद्दों का समाधान करने के लिए वॉलेंटियर्स की पीठ थपथपाई। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि हमारे सारे वालेंटियर्स ने विषम परिस्थितियों में हिम्मत नहीं हारी। अब हम जल्द ही इस संकट से बाहर भी आएंगे। हम दिल्ली की जनता के साथ मिलकर एक बार फिर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएंगे और भाजपा की जमानत जब्त करेंगे। बता दें कि बीते 17 महीने में मनीष सिसोदिया की अपनी विधानसभा के वालेंटियर्स के साथ यह पहली बैठक थी। इससे पहले उन्होंने 25 फरवरी 2023 को बैठक की थी और उसके बाद वो जेल चले गए थे।

## पंडित रवि शंकर शुक्ला लेन में 'आप' का मुख्यालय, लगा बोर्ड


**राउज एवेन्यू स्थित मुख्यालय को कर रहे है खाली**




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय मुख्यालय का अब नया पता एक पंडित रवि शंकर शुक्ला लेन होगा। आम आदमी पार्टी ने राउज एवेन्यू स्थिति अपना पुराना मुख्यालय रविवार से खाली करना शुरू कर दिया है। पार्टी मुख्यालय के लिए केंद्र से आवंटित नए भवन में आम आदमी पार्टी ने अपना बोर्ड लगाया है। कोर्ट के आदेश पर केंद्र सरकार ने जुलाई में पंडित रवि शंकर शुक्ला लेन मार्ग स्थित बंगला नंबर-1 को आवंटित किया था। जल्द राउज एवेन्यू से पूरी तरह पंडित रवि शंकर शुक्ला लेन के बंगले में आप का मुख्यालय शिफ्ट हो जाएगा। मुख्यालय शिफ्ट होने के बाद पार्टी मीटिंग, प्रेस वार्ता और पार्टी की अन्य सभी गतिविधियां नए मुख्यालय पर ही आयोजित हुआ करेंगी। केंद्र सरकार ने हाईकोर्ट के निर्देश पर नई दिल्ली क्षेत्र में आम आदमी पार्टी (आप) को मुख्यालय के लिए नया दफ्तर अलॉट किया है। टाइप-7 श्रेणी का बंगला अस्थायी पार्टी कार्यालय के रूप में आप को दिया गया है।

## गली में फैला सामान उठाने को बोला तो फोड़ दिया बुजुर्ग का सिर

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के यमुना विहार सी- तीन में रविवार सुबह पड़ोसी ने एक बुजुर्ग का सिर फोड़कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीड़ित का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने गली में फैले पड़ोसी के सामान को हटाने के लिए कहा था। बस इसी बात पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए पीड़ित पर डंडे से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।



पीड़ित इंद्रजीत

पुलिस का कहना है कि पीड़ित इंद्रजीत (61) के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर भजनपुरा थाने में बीएनएस की धारा 115(2), 127 (1) और 351 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी ज्ञानेंद्र को हिरासत में ले लिया है। आरोपी का केबल का कारोबार है। उधर, पीड़ित का आरोप है कि आरोपी की पुलिस में उठ बैठा है। अक्सर पुलिस वाले उसके ऑफिस में बैठकर दारू पार्टी करते हैं। यही वजह है कि पुलिस ने इस मामले में हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जबकि पुलिस को कम से कम गैर इरादतन हत्या की कोशिश की धारा जोड़नी चाहिए थी। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि आरोपी ने गली में लोहे जाल लगाकर अतिक्रमण भी किया हुआ है। लोगों को कार लेकर निकलने में दिक्कत होती है। पीड़ित इंद्रजीत ने बताया कि वह डेसू से रिटायर्ड हैं। रविवार सुबह उनके बुजुर्ग ससुर की तबीयत बिगड़ गई थी। वह उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी निकालने लगे। मगर गली में पड़ोसी ज्ञानेंद्र का सामान फैला हुआ था।

## केजरीवाल सरकार के शासन में जलभराव बन गई नियति : बिधूड़ी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि जनता को अब यह मान लेना चाहिए कि जब तक राजधानी में केजरीवाल सरकार है, जरा-सी बारिश होते ही जलभराव भी होगा और साथ ही करंट लगने और ओल्ड राजेंद्र नगर के कोचिंग सेंटर के हादसो का शिकार होकर मौत का सामना करना पड़ेगा। जनता अपने इस दुर्भाग्य को आगामी विधानसभा चुनावों में बदल सकती है। बिधूड़ी ने कहा कि अब यह नीयति बन गई है कि जब भी बारिश होगी, दिल्ली में जलभराव होगा। पिछले दो-तीन दिनों में दिल्ली में अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश हो रही है और ऐसा कोई इलाका नहीं है जहां जलभराव नहीं हो रहा हो। दिल्ली सरकार द्वारा बड़े नालों और नगर निगम द्वारा छोटे नालों और नालियों की सफाई न होने के कारण हर जगह पानी भर रहा है। शनिवार और रविवार को हुई बारिश में आईटीओ से लेकर दक्षिण दिल्ली फतेहपुरी बेरी तक हर जगह जलभराव हुआ और लोगों को जाम में फंसना पड़ा। रोहिणी के पास प्रेम नगर में दो किशोरों की बारिश के पानी में डूबने से मौत हो गई और एक लड़के की करंट लगने से मौत हुई। मॉनसून का यह सीजन दिल्ली सरकार ओर नगर निगम की लापरवाही से मौतों का संदेश लेकर आया है। दिल्ली सरकार की लापरवाही की हद होती है, उनकी नियति ऐसी बन गई है।

## भाजपा ने दिल्ली में 185 झुग्गी क्लस्टरों में हेल्थ चेकअप कैम्प आयोजित किए

**संगठन महामंत्री ने जे.जे. व बाल्मीकि बस्ती में कैम्पों का उद्घाटन किया**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली भाजपा ने अपने झुग्गी विस्तार अभियान के अंतर्गत आज दिल्ली के 185 झुग्गी क्लस्टरों में हेल्थ चेकअप कैम्प आयोजित किए। दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा ने आनंद विहार जे.जे. कैम्प एवं झिलमिल बाल्मीकि बस्ती में आयोजित दो हेल्थ चैक अप कैम्पों का उद्घाटन किया। शाहदरा जिलाध्यक्ष संजय गोयल, पार्षद डा. मोनिका पंत आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने न्यू संजय अमर कॉलोनी, विश्वास नगर झुग्गी क्लस्टर में आयोजित हेल्थ कैम्प का उद्घाटन किया। सांसद मनोज तिवारी ने तिमारपुर झुग्गी क्लस्टर में, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बिलासपुर प्रसाद नगर, मोडलबंद में, सांसद कमलजीत सहरावत ने मंगलापुरी वार्ड द्वारका में, सांसद बांसुरी स्वराज ने सिंधिया कैम्प सरोजनी नगर में, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल ने नांगलोई जाट एवं आदर्श नगर के झुग्गी क्लस्टर में हेल्थ चैक अप कैम्पों का उद्घाटन किया।



निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जांच करवाते झुग्गीवासी।

**डीयू के यूजी प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए 2.47 लाख कैंडिडेट्स आवेदन हुए...**

# डीयू यूजी दाखिला फेज-2 के लिए आए 1.80 लाख से ज्यादा आवेदन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए सेकेंड फेज की प्रिफरेंस च्वॉइस बंद हो चुकी है। सिम्युलेटेड रैंक लिस्ट जारी होगी, इससे कैंडिडेट्स अंदाजा लगा सकते हैं कि उनकी प्रिफरेंस लिस्ट के मुताबिक वे कहां स्टैंड करते हैं। कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम के माध्यम से 9 अगस्त तक उम्मीदवारों ने अपनी च्वॉइस भरी है। सेकेंड फेज में 1.80 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके साथ ही अब तक डीयू के यूजी प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए अब तक 2.47 लाख कैंडिडेट्स आवेदन कर चुके हैं। सीट एलॉटमेंट की पहली लिस्ट 16 अगस्त के दिन रिलीज की जाएगी। इस बार जिन कोर्सेज के लिए कैंडिडेट्स ने सबसे ज्यादा आवेदन किए हैं, उनकी लिस्ट इस प्रकार है। सबसे ज्यादा आवेदन वाले विषयों से कम आवेदन वाले विषयों तक क्रम में बी-कॉम, इंग्लिश ऑनर्स, पॉलिटिकल साइंस ऑनर्स, हिस्ट्री ऑनर्स, साइकोलॉजी ऑनर्स और इकोनॉमिक्स ऑनर्स।

### ईसीए कोटा के तहत ट्रायल आज से

दिल्ली विश्वविद्यालय ने एक्स्ट्रा क्यूरिकुलर एक्टिविटीज (ईसीए) कोटा के तहत एडमिशन का शेड्यूल भी रिलीज कर दिया है। इसके तहत ट्रायल कल यानी 12 अगस्त से शुरू होंगे। एक्टिविटी के हिसाब से ट्रायल की तारीख और स्थान अलग-अलग है। इसकी जानकारी आपको वेबसाइट से लेनी होगी। जैसे इंडियन क्लासिकल डांस, हिंदी डिबेट, इंडियन क्लासिकल लाइट म्यूजिक और थियेटर के लिए आज से ट्रायल शुरू होंगे।



### स्पोर्ट्स कोटा ट्रायल 20 से...

इसके साथ ही जो कैंडिडेट्स स्पोर्ट्स कोटा के तहत एडमिशन लेना चाहते हैं, उनके लिए ट्रायल 20 अगस्त से शुरू होंगे। 20 से 22 अगस्त के बीच वे अपने खेल का ट्रायल संबंधित विभाग में जाकर दे सकते हैं। पहले अपने ट्रायल सेंटर्स पर जाकर शेड्यूल पता कर लें और उसके बाद परफॉर्मेंस टेस्ट के लिए जाएं। गौरतलब है कि जो कैंडिडेट्स स्पोर्ट्स या ईसीए ट्रायल के तहत एडमिशन के लिए आवेदन करते हैं, उन्हें कुछ खास प्रोग्राम के लिए एकेडमिक मेरिट में कनसेशन मिल जाता है। इसका पूरा शेड्यूल आप वेबसाइट से चेक कर सकते हैं।

## डीयू कॉलेजों में 80 फीसदी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से संबद्ध विभागों व कॉलेजों में पिछले दो वर्षों से स्थायी सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। अभी तक लगभग 4700 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। बता दें कि पांच साल पूर्व डीयू में शिक्षकों/कर्मचारियों व छात्रों के दाखिले में ईडब्ल्यूएस कोटा लागू किया गया था। शिक्षकों के पदों को जब भरा जाने लगा तो ईडब्ल्यूएस की सीटें सभी आरक्षित वर्गों से काटकर बनाई गई थीं। कॉलेज प्रिंसिपलों ने ईडब्ल्यूएस सीटों के विज्ञापन निकालकर उन्हें भर लिया, लेकिन शिक्षा मंत्रालय ने आज तक आरक्षित कोटे से बाहर ईडब्ल्यूएस की सीटें देने की पहल नहीं की। यह कहना है फोरम के चेयरमैन डॉ हंसराज सुमन का उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस कोटे को विश्वविद्यालय ने विभागों एवं कॉलेजों के कुल स्वीकृत पदों पर लागू कर पदों को भर लिया। जबकि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) का आरक्षण 1997 से लागू है। वहीं ओबीसी कोटे के अभ्यर्थियों का आरक्षण मार्च 2007 से लागू करने के बाद भी उनका आज तक शॉटफाल व बैकलॉग पदों को नहीं निकाला गया है। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस शिक्षक संगठन ने शिक्षा मंत्रालय द्वारा ईडब्ल्यूएस कोटे की सीटों के अनुपात में एससी, एसटी, ओबीसी को सीटें न दिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि ईडब्ल्यूएस कोटा आरक्षित श्रेणी की सीटों को काटकर दिया गया है, इसलिए एससी, एसटी, ओबीसी को उसी अनुरूप सीट बढ़ा कर देना चाहिए।

## दिल्ली मेट्रो ने एलिवेटेड मेट्रो लाइनों के पास पतंग न उड़ाने को लेकर जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली-एनसीआर में स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन के अवसर पर, पतंग उड़ाने का प्रचलन के मद्देनजर किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने रविवार को एक एडवाइजरी जारी कर लोगों से एलिवेटेड मेट्रो लाइनों के पास पतंग नहीं उड़ाने की अपील की है। वर्तमान में दिल्ली-एनसीआर में दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क लगभग 400 कि.मी. क्षेत्र में फैला हुआ है, जो कि मुख्यतः एलिवेटेड है, जहां पटरियों के समानांतर 25,000 वोल्टेज की चालू या लाइव ओवरहेड इक्विपमेंट (ओ.एच.ई) तारें ट्रेनों को दैनिक यात्री सेवाओं हेतु ट्रेनों को बिजली सप्लाई करती हैं। चूंकि 15 अगस्त के आसपास पतंग उड़ाने वालों की संख्या अत्यधिक बढ़ जाती है, इसलिए लाइनों के आसपास पतंग उड़ाने पर उसकी डोर बिजली के तारों में उलझने या चलती ट्रेन के पेंटोग्राफ यूनिट में फंसने की आशंका रहती है। एलिवेटेड मेट्रो लाइनों की ऐसी घटनाओं से न केवल ओएचई या पेंटोग्राफ को नुकसान पहुंच सकता है बल्कि इससे बिजली ट्रिप होकर मेट्रो सेवाएं बाधित होने की आशंका भी बढ़ जाती है। इसके साथ ही, धातु के मांझे के साथ पतंग उड़ाने वालों के लिए भी यह जानलेवा साबित हो सकता है। कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए, सामान्य तौर पर इन दिनों डीएमआरसी पतंगबाजी की आशंका वाले स्टेशनों के पास डेडिकेटेड टीमों को के द्वारा निगरानी बनाए रखती है।

# दिल्ली में करंट लगने और पानी में डूबने से दो की मौत

## रणहौला ग्राउंड में क्रिकेट खेलते वक्त करंट लगने से बच्चे की मौत, लोहे के खंभे पर लिप्टी तारों से उतरा था करंट

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रणहौला, कोटला फेस- दो स्थित एक ग्राउंड में क्रिकेट खेलते वक्त एक बच्चे की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान आदित्य राज (13) के तौर पर की है। वह ग्राउंड में एक कोने से बॉल उठाने के लिए गया था। कथित तौर पर वहां एक खंभे पर लिपटी बिजली की तार से करंट आने से बच्चा उसकी चपेट में आ गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया है। डीसीपी ने बताया कि इस बाबत भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक घटना शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे कोटला विहार फेस दो स्थित एक क्रिकेट ग्राउंड में पेश आई। शुरुआती जांच में पता चला है कि यहां कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान उनकी बॉल एक कोने में चली गई। आदित्य राज बॉल लेने के लिए चला गया। वहां एक लोहे का खंभा था। जिससे बिजली की तारें लिपटी हुई थीं और खंभे में करंट आ रहा था। खंभा पकड़ते ही आदित्य को जोरदार करंट लग गया। उसके साथियों ने तुरंत शोर मचा दिया। तभी एक शख्स वहां पहुंचा और उसने किसी तरह क्रिकेट बैट की मदद से बच्चे को खंभे से हटाया। उस वक्त बच्चे के शरीर में किसी तरह की कोई हरकत नहीं थी। बताया जा रहा है कि बच्चे को इतनी जोर से करंट लगा था कि उसका पैर तक जल गया था। उसे अचेत अवस्था में ही तुरंत दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से ही पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक आदित्य राज अपने परिजनों के साथ कोटला विहार फेस- दो में रहता था। इसके परिवार में पिता बच्चन मेहतो, मां व अन्य सदस्य हैं। आदित्य बापरोला विहार स्थित सरकारी स्कूल में सातवीं कक्षा में पढ़ता था। शनिवार को आदित्य अन्य दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया था। डीसीपी ने बताया कि अभी तक की जांच में पता चला है कि जिस ग्राउंड में हादसा हुआ, वहां एक कोने में गौशाला बनी है। वहां तक बिजली ले जाने वाले एक खंभे में करंट आने से आदित्य की मौत हुई। दिल्ली पुलिस की क्राइम टीम ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं।

**सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन**



पुलिस ने रविवार शाम आदित्य राज का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं लापरवाही के कारण बच्चे की मौत से गुस्साए स्थानीय लोगों व आदित्य के परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए लोगों को समझाया और सड़क से हटाया।



रणहोला इलाके में करंट लगने से बच्चे की मौत के बाद अवैध डेरी ध्वस्त करती जेसीबी, इसी डेरी के तार से लगा था करंट। -फोटो: दयाशंकर



इसी जगह करंट लगने से हुई बच्चे की मौत।



बच्चे की मौत के बाद शोकाकुल मां।



घटनास्थल पर पुलिस की टीम मौजूद।

## पार्क में भरे बारिश के पानी में डूबकर मासूम की मौत






**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रोहिणी सेक्टर-20 स्थित डिस्ट्रिक्ट पार्क में भरे बारिश के पानी में डूबकर सात वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृत बच्चे की पहचान तरुण के तौर पर की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है। मासूम बच्चे की मौत के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि बारिश के दौरान पार्क में पानी भर जाने से बड़ा तालाब सा बन गया था। मगर प्रशासन ने पानी को निकालने की जहमत तक नहीं उठाई। अगर पंप लगाकर पानी को समय पर निकाल दिया जाता तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी रोहिणी जीएस सिद्धू ने बताया कि शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे इस बच्चे के पार्क में बच्चे के डूबने की कॉल मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। तब तक बच्चे को पानी से निकालकर हॉस्पिटल ले जाया जा चुका था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को जांच में पता चला कि मृत बच्चा तरुण अपने परिजनों के साथ अमन विहार इलाके में रहता था। सेक्टर-20 में डीडीए का पार्क है। जहां बारिश का पानी भर जाने से बीच में बड़ा तालाब सा बन गया है। शनिवार को तरुण पार्क में गया था। वह खेलने के बाद बारिश के पानी से बने तालाब में नहाने चला गया। बीच में पानी कई फीट गहरा होने की वजह से वह डूबने लगा। पार्क में मौजूद अन्य बच्चों ने उसे डूबता हुआ देख शोर मचा दिया। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को अचेत अवस्था में पार्क से निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि डीडीए इस पार्क में सिक्योरिटी गार्ड भी तैनात है।

- *स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश, रोहिणी सेक्टर-20 में हुई दिल दहला देने वाली घटना*

**छठ पूजा के लिए था तालाब**

स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्क में छठ पूजा के लिए बीच में एक छोटा सा आर्टिफिशियल तालाब बनाया गया था। मगर बारिश के दौरान यहां पानी भर गया और एक बड़ा तालाब बन गया। एक सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि वह बच्चों को इसमें नहाने से रोकते थे तो वह उन पर पत्थर मारते थे।

## जलजमाव में डूबने और करंट से हुई मौतों से जूझ रही है दिल्ली: भाजपा



वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है यह दिल्ली का दुर्भाग्य है की आज जब दिल्ली जलजमाव, जलजमाव में डूबने एवं बिजली करंट से मौतों से झूझ रही है ऐसे समय दिल्ली का सत्ताधारी दल केवल जेल एवं बेल से जुड़े अपने नेताओं के महिमामंडन में लगा है। सचदेवा कहा है की दिल्ली अभी कल किराड़ी विधानसभा में दो युवकों की जलजमाव में डूबने से मौत के सदमे से उबरी भी ना थी की आज अमन विहार, रोहिणी में एक 7 साल के लड़के की दिल्ली नगर निगम के पार्क में हुए जलजमाव में डूबने से दिल्ली वाले स्तब्ध हैं। वीरेन्द्र दिल्ली आज नजफगढ़ से पटपड़गंज तक चांदनी चौक एवं आईटीओ से संगम विहार एवं सैदुल अजैब तक पूरी दिन बारिश के चलते जलजमाव से जूझती दिखी। दिल्ली के अधिकांश विधानसभा क्षेत्रों खासकर किराड़ी, मंगोलपुरी, कोंडली, पटपड़गंज, शाहदरा, कृष्णा नगर, लक्ष्मी नगर, चांदनी चौक, सदर बाजार, जंगपुरा, संगम विहार, देवली, बिजवासन, पटेल नगर, मोती नगर में आज दिन भर जलजमाव के कारण यातायात प्रभावित रहा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली वाले 2024 का मारक मानसून जिसमे जलजमाव, बिजली करंट से ही 20 से अधिक मौत हुई हैं को कभी नही भूलेंगे।

## दिल्ली में आफत बनकर बरस रहा मॉनसून, 40 दिनों में 22 की मौत



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली में मॉनसून इस बार आफत बनकर आया है। सरकार और प्रशासन की नाकामी भी इस मानसून ने उजागर कर दी है। पिछले 40 दिनों के भीतर दिल्ली में करंट लगने और पानी में डूबने से 22 लोगों ने अपनी जान गवाई है। कहीं बारिश के पानी, लोहे के गेट व पोल में करंट आने से मौत हुई तो कहीं सड़क अंडरपास, पार्क व मैदान में भरे पानी में डूबने से लोगों की जान चली गई। ओल्ड राजेंद्र नगर हादसे ने तो पूरे देश को ही हिलाकर रख दिया था। यहां बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर में बारिश का पानी भर जाने से तीन प्रतिभाशाली छात्रों की मौत हो गई थी।

### कुछ बड़े हादसे

**13 जुलाई:** नजफगढ़ में एक मामले की जांच के दौरान हेड कांस्टेबल की करंट लगने से मौत।

**13 जुलाई:** भजनपुरा में एक अस्पताल के सामने सर्विस रोड पर भरे पानी में इलेक्ट्रिक पोल से करंट आने से महिला की मौत।

**13 जुलाई:** द्वारका में बिजली के खंभे पर काम करते वक्त कर्मचारी की करंट लगने से मौत।

**20 जुलाई:** करावल नगर एक निर्माण स्थल पर 30 वर्षीय एक मजदूर की मौत।

**22 जुलाई:** पटेल नगर में यूपीएससी अभ्यर्थी की बारिश के दौरान लोहे के गेट में करंट उतरने से मौत।

**24 जुलाई:** सदर बाजार इलाके में 45 वर्षीय व्यक्ति की करंट लगने से मौत

**मौत 27 जुलाई:** ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से तीन प्रतिभाशाली छात्रों की डूबकर मौत।



**31 जुलाई:** गाजीपुर इलाके में बारिश के दौरान नाले में गिरकर मां-बेटे की दर्दनाक मौत।

**31 जुलाई:** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में करंट लगने से 12 साल के बच्चे की मौत।

**31 जुलाई:** संगम विहार में 18 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत।

**31 जुलाई:** दक्षिण पूर्व दिल्ली के मीठापुर में 28 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत।

**31 जुलाई:** सब्जी मंडी इलाके में बारिश के दौरान मकान ढह से 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत।

**9 अगस्त:** प्रेम नगर में गड्ढे में भरे बारिश के पानी में डूबकर दो किशोरों की मौत

**10 अगस्त:** बारिश के दौरान मॉडल टाउन महेंद्रू एन्क्लेव में जर्जर इमारत गिरने से एक मजदूर की मौत।

**10 अगस्त:** रणहौला में क्रिकेट ग्राउंड में करंट लगने से 13 वर्षीय छात्र की मौत।

**10 अगस्त:** रोहिणी सेक्टर 20 डिस्ट्रिक्ट पार्क में बारिश के पानी में डूबकर सात साल के बच्चे की मौत।

## अमन विहार में दो मंजिला इमारत गिरने से दो घायल

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : रोहिणी डिस्ट्रिक्ट के अमन विहार के हरी एन्क्लेव इलाके में दो मंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे में दौरान घर में कोई मौजूद नहीं था। लेकिन एक राहगीर और एक पड़ोसी घायल हो गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया गया। हादसे में गली में खड़ी तीन बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद शाबान, हरी एन्क्लेव में परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पड़ोस में 70 गज में दो मंजिला मकान बना हुआ था। पिछले 15 दिन से मकान मालिक इमारत में काम करवा रहा था। रविवार सुबह करीब 8 बजे मकान भरभराकर गिर गया।




## पंजाब केसरी क्लासीफाइड

### आवश्यकता

We're Hiring! Graphic Designers/ Computer Operators CONVERGE DESIGN LTD. DSIIDC Kirti Nagar Delhi 110015 WhatsApp: 9818414034 Email: ujjwala.pandya@gmail.com
1256552

### पोल्ट्री

एनईसीसी दिल्ली क्षेत्र में आज (12.08.2024) के लिए सुझाया गया फार्म-गेट अण्डे का रेट ₹ 490/- रुपये प्रति 100 अण्डे (व्यापार और उद्योग की जानकारी के लिए) है।
1250396

### नाम परिवर्तन

I, Sweeta Baheti D/o Kishori Lal Baheti R/o 55, Rajdhani Enclave, 2nd Floor, Pitampura, Delhi Changed Name To Shweta Baheti.
1256755

I, Abhishek Kumar S/o Arvind Kumar Singh R/o Tower No-B 3, Flat no-1403, Mohan Nagar, Ghaziabad, UP-201007 have changed name of my minor son Narayan aged 17 years to Narayan Kumar.
7000002

I, Davendera Sehgal alias Davendra Kumar Sehgal alias Devinder Sehgal S/o Tilak Raj Sehgal, R/o B-9 Sector-49 noida Near prayag hospital, Gautam Budh Nagar, Uttar pradesh- 201301, have changed my name to Devendra sehgal for all purposes.
1256752

### नाम परिवर्तन

I, Pawan Kumar S/o LT. Sh Dau Dayal Aggarwal R/o H.No-55 Suraj Nagar Azadpur Delhi-110033 have changed my name to Pawan Aggarwal for all purposes.
1256745

I, Poonam W/o Pawan Aggarwal R/o H.No-55 Suraj Nagar Azadpur Delhi-110033 have changed my name to Poonam Aggarwal for all purposes.
1256746

I, Abhishek Kumar alias Abhishek Kumar Singh S/o K K Singh R/o B-75, Vijay Nagar, Mohan Garden, Uttam Nagar, West Delhi, Delhi-110059 have changed my name to Abhishek Kumar Singh for all purposes.
1256747

I, Ranjeet Singh R/o B-82, 3rd Floor, Punjabi Basti, Baljeet Nagar, Central Delhi-08, have changed my minor daughter's name from Sonia Rawat to Soniya Rawat.
1256749

I, Pooja Pal D/o Ram Sharan, R/o D-36, Phase-1 Vijay Vihar, Rohini Delhi-110085, have changed my name to Pooja.
1256750

I, Rajani W/o Deepak Narang R/o O-23, G/F, New Mahavir Nagar, Tilak Nagar, Delhi-110018, have changed my name to Rajni Narang.
1256753

### नाम परिवर्तन

I, Khushi D/o Ashok Kumar, R/o 14 Hauz khas Village N.D.16, have changed my name to Khushi Gouchwal for all purposes.
1256751

I, Shabnam W/o Ansar Ahmad R/o Mohalla Peer Khan Gulavathi Rural Natthugari, Bulandshahr Uttar Pradesh -245408, have changed the name of my minor Son namely Abdul Aahad aged 15 years and he shall hereafter be known as Aryan Ansar.
7000003

I, Aditya S/o Abhishek Kumar R/o Tower No-B 3, Flat no-1403, Mohan Nagar, Ghaziabad, UP-201007 have changed my name to Aaditya Kumar.
7000001

I, Rupinder Singh S/o Amarjeet Singh R/o D-81, Fateh Nagar, Delhi-110018, have changed my name to Roopinder Singh for all purposes.
1256757

I, Kishore Baheti S/o Kanhya Lal R/o 55, Rajdhani Enclave, Pitampura, Delhi Changed Name To Kishori Lal Baheti.
1256756

I, Rashmeet Kaur W/o Gurpreet Singh R/o WZ-2888, Sant Nagar, Rani Bagh, Delhi Changed Name To Anita Arora.
1256754

### नाम परिवर्तन

मेरी PPO बुक (संख्या S/037878/2010, सेना) में मेरी पत्नी का नाम गलत 'PUSHAPLATA BORAH' दर्ज है, तथा पेंशन डिस्चार्ज बुक (सीरियल नंबर 46/MT/NOV/2010) में भी उनका नाम गलत 'PUSHAPALATA BORAH' दर्ज है। जबकि सही नाम, 'PUSHPALATA BORAH', वोटर आईडी (संख्या CFN6835398) में दर्शाया गया है। मैंने 03/08/2024 को तेजपुर में नोटरीकृत हलफनामे के माध्यम से इस विसंगति की घोषणा की है। टंकेश्वर बोराह, निवासी: ग्राम-माज-रोमारी बंगाली, पी.एस.-सिराजुली, तेहसील-तेजपुर, जिला-सोनितपुर, असम, पिन-784117.
7000004

मैं, क्रमांक 15770494L, रैंक नायक (OPR), नाम रामेन दास, घोषणा करता हूं मेरी डिस्चार्ज बुक क्रमांक 49/07/20 और PPO बुक संख्या S/33840/2017 (सेना) जिसमें मेरी पत्नी का नाम NIBHA DAS की जगह गलत NIVA DEVI दर्ज है, मेरा पता भी गलत तरीके से गांव- रोवारी, पी.ओ. माज रौमारी, तहसील-तेजपुर, जिला- सोनितपुर, असम, पिन-784117 है, जबकि सही पता गांव- रौमारी बंगाली, पी.ओ.-माज़ रौमारी, तहसील- तेजपुर, जिला-सोनितपुर, असम, पिन-784117 है। मैंने 3/8/2024 को तेजपुर, सोनितपुर में नोटरीकृत हलफनामे के माध्यम से इस विसंगति की घोषणा की है।
7000005

**पाठकों को परामर्श**

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें, क्योंकि 'पंजाब केसरी' विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

### सार्वजनिक सूचना

PUBLIC NOTICE

All the concern are hereby informed through this public notice that my client Smt. Raj Rani Sharma W/o Late Sh. Hori Lal Sharma Residing AT: E-21, Street No. 2, Mansa Ram Park, Uttam Nagar, West Delhi, Delhi-110059, has disowned and debarred her son Namely Sh. Manish Sharma aged about 28 years (Aadhar Card No. [illegible]) and his wife Namely Smt. Mamta aged about 28 Years (Aadhar Card No. [illegible]) from all their movable and immovable property and cancelled all her relations in future as they do not give respect to my client and misbehave and disobey my clients. My clients shall not be held responsible for any of their acts, deed and things in whatever in any manner and if anyone deals with them shall be deal as per his/her own risk, cost and consequences. Sd/- Anita K.Singh (Advocate), (D/[illegible]/2019)

**अपने विज्ञापन के लिए चुनिए सही शीर्षक**

- व्यापार आमंत्रण
- इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट
- पेंट्स एण्ड कैमिकल्स
- डीलर/डिस्ट्रीब्यूटर्स
- इनवर्टर-जनरेटर
- मशीनरी एवं उपकरण
- मोबाईल फोन
- कम्प्यूटर
- प्रिंटिंग एण्ड पब्लिशिंग
- फर्नीचर
- वीडियो गेम्स
- बिकाऊ


## असोला गांव: बेसमेंट में लगी आग, दो की हालत गंभीर

### हादसे में 14 लोगों को बिगड़ी तबीयत, मीटर बोर्ड में आग लगने के बाद इमारत में भर गया था धुआं

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : साउथ डिस्ट्रिक्ट के असोला गांव में रविवार को एक इमारत की पार्किंग में लगे मीटर बोर्ड में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई और लोग मदद के लिए चिल्लाने लगे। मामले की सूचना मिलते ही दमकल विभाग, पुलिस, राहत बचाव दल और एंबुलेंस पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद टीमों ने अंदर फंसे लोगों का रेस्क्यू किया। इमारत में आग लगने के बाद चोट लगने व सांस न मिलने की वजह से 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं हादसे में दो लोग झुलस गए। घायलों की पहचान दयाराम (53) और सुनीता (45) के रूप में हुई है। उनका उपचार जारी है। आग की चपेट में आने से करीब एक दर्जन गाड़ियां जलकर राख हो गई। शुरूआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि शार्ट सर्किट के चलते आग लगी है। मैदान गढ़ी थाना पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर आग लगने का कारण पता लगाने की कोशिश कर कर रही है।

दमकल विभाग के अनुसार, दमकल विभाग की आग लगने की सूचना सुबह करीब 5.02 बजे मिली। आग गली नंबर-9, असोला एन्क्लेव स्थित एक मकान के बेसमेंट में मीटर बोर्ड में लगी थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब 6.50 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पाया। आग की चपेट में आने से चार बाइक और दो स्कूटी जलकर खाक हो गई। आग बुझाने के साथ-साथ दमकल ने रेस्क्यू ऑपरेशन भी शुरू किया। टीम ने इमारत में फंसे 12 लोगों को बाहर निकाला। जिसमें से दो लोग झुलसे हुए थे। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। जांच में पुलिस को पता चला कि इमारत बेसमेंट समेत चार मंजिला है। हर मंजिल पर कई परिवार रहते हैं।



**चार बच्चे समेत 14 लोग अस्पताल में भर्ती...** पुलिस अधिकारी ने बताया कि इमारत में कई परिवार रह रहे थे। हादसे के बाद सांस लेने और चोट लगने के बाद 14 लोगों (छह महिलाएं, चार बच्चे और चार पुरुष) को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर और सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद कई लोगों को छुट्टी दे दी गई। वहीं जिस मीटर में बोर्ड में आग लगी थी। उस पर 10 मीटर लगे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि आग शार्ट सर्किट के चलते लगी है।

**बाहर जाने का केवल एक ही रास्ता था**

बताया जा रहा है कि इमारत से बाहर आने का केवल एक ही रास्ता था। बेसमेंट में लगी आग के बाद धुआं धीरे-धीरे ऊपर की तरफ जाना लगा। धुएं की बदबू के बाद वह बाहर आए और नीचे आने की कोशिश की। लेकिन धुएं की वजह से वह नीचे नहीं आ पाए। जिसके बाद सभी लोग छत पर भागे। लोगों का कहना है कि अगर छत का गेट भी बंद होता तो शायद बड़ा हादसा हो सकता था।

**लोगों ने बताई आपबीती**

टॉप फ्लोर पर रहने वाली एक महिला ने बताया कि आग करीब 4.30 बजे आग लगी थी। धुआं जब ऊपर आया तो बदबू की वजह से उठ गई। इमारत पर धुआं देखकर वह छत की तरफ भागी। इसके बाद अन्य फ्लोर पर रहने वाले लोग भी छत पर आ गए। इसके बाद वह पड़ोसी की छत पर गए। बताया जा रहा है कि पहली मंजिल के लोगों ने इमारत से कूदकर अपनी जान बचाई। लाइट को काट दिया गया। वहीं एक युवक ने बताया कि वह भी टॉप फ्लोर पर रहता है। आग लगने के बाद वह भी उठ गए। धुंए की वजह से कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। इमारत में 15-20 लोग फंसे थे। वह भी पड़ोसी की छत पर पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने पड़ोसी को फोन कर गेट खुलवाया और फिर हम लोग बाहर आ गए।

## बांग्लादेशी नागरिक को फर्जी दस्तावेज से विदेश भेजने वाला एजेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट थाना पुलिस ने नदी के रास्ते भारत में दाखिल हुए बांग्लादेशी नागरिक का फर्जी दस्तावेज पर पासपोर्ट बनवाकर विदेश भेजने वाले एक शातिर एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक व्यक्ति को दुबई के रास्ते मालटा भेज दिया। वहां से डिपोर्ट कर उसे भारत भेज दिया गया। आरोपी यात्री से मिली जानकारी पर पुलिस ने एजेंट को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि चार अगस्त को इस्तानबुल से अबू हसन शेख को डिपोर्ट कर आईजीआई एयरपोर्ट भेजा गया था। उसके पासपोर्ट पर पश्चिम बंगाल का पता था। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान बांग्लादेश निवासी मो. शाकिब हसन के तौर पर हुई। शाकिब ने बताया कि उसके रिश्तेदार ने एजेंट मीर अनोवर हसन के बारे में बताया था। मीर ने दो लाख रुपये में उसे भारतीय पासपोर्ट पर दुबई होते हुए मालटा भेजने का वादा किया था। 2021 में वह नदी के रास्ते भारत आया था। पश्चिम बंगाल में मीर ने उसका आधार कार्ड, पैन और जन्म प्रमाण पत्र बनवाया बनवाकर कोलकाता से पासपोर्ट बनाया। जानकारी के आधार पर पुलिस ने एजेंट मीर को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया।

## 1.1 करोड़ की जापानी मुद्रा लेकर जा रहा था हांगकांग, गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर दिल्ली कस्टम की टीम ने एक भारतीय नागरिक को विदेशी करेंसी तस्करी करते हुए पकड़ा है। आरोपी यात्री अपने साथ भारी मात्रा में जापानी मुद्रा येन छुपाकर हांगकांग जा रहा था। मुद्रा जब्त किए जाने के बाद 53 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से कुल 1 करोड़ एक लाख 70 हजार येन बरामद हुए हैं। संयुक्त आयुक्त कस्टम मोनिका यादव ने बताया कि आरोपी यात्री शनिवार को आईजीआई टर्मिनल 3 पर दिल्ली से हांगकांग जाने के लिए पहुंचा था। उसे रात करीब 1.40 में उड़ान भरने वाली कैथे पैसिफिक एयरलाइंस की उड़ान संख्या सीएक्स 698 से यात्रा करनी थी। इस दौरान कस्टम की इंटेलिजेंस की टीम को प्रोफाइलिंग के आधार पर आरोपी पर संदेह हुआ। जिसके बाद उसे रोक कर उसकी और उसके बैगेज की जांच की गई। इस जांच में अलग-अलग स्थानों पर छुपा कर रखे गए जापानी येन बरामद हुए। बरामद हुए येन की भारतीय मुद्रा में कीमत 52 लाख 88 हजार 400 रुपये आंकी गई है। आरोपी यात्री के खिलाफ कस्टम एक्ट 1962 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

निरीक्षण — चार अगस्त तक यह ढांचा जीर्ण-शीर्ण पड़ा था, भारी अतिक्रमण के कारण आसपास के इलाके के लोग यहां मलबा व कचरा डालते थे...

# 400 साल पुराना बारापुला ब्रिज बनेगा ऐतिहासिक

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : 400 साल पुराना बारापुला ब्रिज (12 खंभों वाला) अपने पूर्व के अस्तित्व जैसा दिखाई देगा। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने मुख्य सचिव के साथ रविवार को क्षेत्र का निरीक्षण कर यह निर्देश दिए। इस दौरान एलजी ने अधिकारियों को आदेश दिया कि इस ऐतिहासिक बारापुला ब्रिज को तीन माह में बहाल किया जाए। इसे बहाल करने व उचित लाइट की व्यवस्था करने के लिए इसे एएसआई को सौंपा गया है। इससे पहले जब चार अगस्त को एलजी यहां आए थे, उस समय इस पुल पर भारी अतिक्रमण था। एलजी ने इस अतिक्रमण को हटाने के साथ व्यवस्था सुधारने का आदेश दिया। इसमें स्थानीय आबादी की भी मदद ली गई। अधिकारियों ने बताया कि चार अगस्त तक यह ढांचा जीर्ण-शीर्ण पड़ा था। भारी अतिक्रमण के कारण आसपास के इलाके के लोग यहां मलबा व कचरा डालते थे।


बारापुला ब्रिज का निरीक्षण करते दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना।

**200 मीटर लंबा है पुल...** यह ऐतिहासिक पुल 200 मीटर लंबा है। इसे करीब 400 साल पहले मीनार बानू आगा ने बनवाया था। इस पुल का नाम इसके 12 खंभों और 11 मेहराबों के कारण बारापुला रखा गया है। इतिहासकारों के अनुसार, पुल का निर्माण 1628 में हुआ था। पुल और हुमायूं के मकबरे के बीच की सड़क पेड़ों से घिरी एक चौड़ी पगडंडी थी। ऐसा माना जाता है कि मुगलों ने आगरा से लौटते समय निजामुद्दीन दरगाह और हुमायूं के मकबरे तक पहुंचने के लिए यमुना नदी को पार करने के लिए इस पुल का इस्तेमाल किया था।

### हटाया गया अतिक्रमण

पुल के आसपास से दिल्ली नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, रेलवे और एएसआई ने संयुक्त प्रयास से अतिक्रमण हटाने, पुल के नीचे बहने वाले नाले की सफाई और जाम को दूर करने के लिए काम किया। एजेंसियों के ठोस प्रयासों से एक सप्ताह के भीतर पुल से अतिक्रमण हटा दिया गया है। फिलहाल नाले की सफाई का काम चल रहा है। सफाई का काम पूरा होने के तुरंत बाद एएसआई जीर्णोद्धार का काम शुरू कर देगा।

### पर्यटन स्थल के तौर पर होगा विकसित

एएसआई महानिदेशक ने दौरे के दौरान एलजी को आश्वासन दिया कि इसे तीन माह में बहाल किया जाएगा। पुल के जीर्णोद्धार कार्य के दौरान यहां विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। विकास कार्य के दौरान संरचना की मौलिकता को प्रभावित नहीं किया जाएगा।

### कई विरासत संरचनाओं का हुआ विकास

एलजी के आदेश पर दिल्ली में विरासत संरचनाओं का संरक्षण और जीर्णोद्धार की दिशा में काम किया जा रहा है। इससे पहले एलजी के निर्देश पर सेंट जेम्स चर्च और महरौली पुरातत्व पार्क जैसे ऐतिहासिक स्मारकों को पुनर्जीवित और बहाल किया गया। इसके अलावा रोशन आरा बाग, शालीमार बाग, अनंग ताल बावली, रजों की बावली, किला राय पिथौरा, जमाली कमाली मस्जिद परिसर, दिल्ली चलो पार्क, घाटा मस्जिद और उर्दू अकादमी पार्क और कई अन्य स्मारकों का जीर्णोद्धार का काम चल रहा है।

## दिल्ली के तीन नालों से निकाली सात लाख किलो गाद



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के तीन प्रमुख नालों से सप्ताह भर के अंदर ही सात लाख किलो से ज्यादा गाद निकाली गई है। इसके बाद से इन नालों में पानी अवरोध मुक्त होकर बहने लगा है। रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इन तीन बड़े नालों सुनेहरी, कुशक और बारापूला में गाद निकालने के काम का निरीक्षण किया। एलजी ने यहां पर गाद निकालने के लिए किए जा रहे कामों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इन नालों में हाईटेक मशीनों के साथ 100 से ज्यादा कर्मचारी 24 घंटे युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं। इसका असर भी दिखने लगा है। सप्ताह भर पहले जहां ये नाले गाद और मलबे से पटे हुए हुए थे। वहीं, सभी विभागों के सामूहिक प्रयास से अब यहां पर पानी अवरोध मुक्त होकर बह रहा है। केवल एक सप्ताह में ही इन नालों से 700 मीट्रिक टन यानी सात लाख किलो से ज्यादा गाद निकाली गई है। उपराज्यपाल ने एक महीने के अंदर सभी मुख्य नालों की सफाई का काम पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को जेएलएन स्टेडियम के पास स्थित डीटीसी डिपो और लोधी रोड के पास ढके हुए नालों की सफाई करके पानी के मुक्त प्रवाह के लिए स्थायी समाधान निकालने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मानसून के बाद भी नालों से गाद निकालने का काम चल रहा।

## निशान साहिब रंग मामले में अकाल तख्त के फैसले का सरना ने किया स्वागत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शिरोमणी अकाली दल (शिअद) दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा निशान साहिब का रंग मामले में दिए गए फैसले का स्वागत किया है। सरना ने कहा कि पंथ द्वारा मान्यता प्राप्त सिख रहत मर्यादा के अनुसार श्री अकाल तख्त साहिब से जो आदेश निशान साहिब के रंग बसंती/पीला (असली केसरिया) या सुरमई होने के बारे में आया है, उस फैसले को पूरी सिख कौम ने श्रद्धा और सम्मान के साथ स्वीकार करते हुए न केवल इसे अपनाया है, बल्कि समुचे खालसा पंथ ने इस आदेश पर अत्यधिक खुशी व्यक्त करते हुए इसका स्वागत किया है। साथ ही यह माना है कि यह फैसला सिख कौम की विशिष्ट पहचान के पक्ष में मील का पत्थर साबित होगा।



सरना ने कहा कि मगर जब इस आदेश के जारी होने के बाद विभिन्न चौनलों पर विचार-विमर्श हुआ, तो इसका सबसे अधिक विरोध राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और आर्य समाज की विचारधारा से जुड़े लोगों ने किया, जबकि सिखों के आंतरिक मामलों में बोलने का उन्हें कोई हक नहीं है। लेकिन उन लोगों ने 1927 से लेकर 1945 तक पंथ में व्यापक चर्चा के बाद श्री अकाल तख्त साहिब से मान्यता प्राप्त सिख मर्यादा और शिरोमणी कमेटी को भी अंग्रेजों की उपज बताया। उन्होंने कहा यह इत्तफाक है या कुछ और लेकिन इन बातों के बाद सिखों के भीतर भी कुछ गुट इसी तरह से निशान साहिब के असली रंग बसंती/पीला और सुरमई किए जाने के पंथ द्वारा मान्यता प्राप्त फैसले को बदलने के लिए सक्रिय हो गए हैं। उन लोगों से मैं कहना चाहूंगा कि यह फैसला सिख कौम के लिए इस सदी के अहम फैसलों में से एक है और पूरी सिख कौम ने खुले मन से उत्साह के साथ इसका स्वागत करते हुए पंथ की परंपराओं और सिद्धांतों के अनुसार लिए गए इस फैसले पर मोहर लगाई है।

## संक्षिप्त समाचार...

### सांसद साहनी ने महंगी शिक्षा पर जताई चिंता

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पंजाब से राज्यसभा सांसद डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी ने बुधवार को संसद में उच्च शिक्षा में बढ़ती महंगाई पर चिंता व्यक्त की और इसके नियंत्रण की मांग की। डॉ. साहनी ने कहा कि शिक्षा एक मौलिक अधिकार है, लेकिन "केजी से पीजी" तक की शिक्षा का बढ़ता खर्च परिवारों पर भारी वित्तीय दबाव डाल रहा है। भारत में औसतन एक छात्र को स्नातकोत्तर तक की शिक्षा देने की लागत लगभग 25 से 30 लाख रुपये है। यह वित्तीय बोझ कई छात्रों को घरेलू शिक्षा की उच्च लागत के कारण, विशेष रूप से चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में विदेश में शिक्षा लेने के लिए मजबूर कर रहा है। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने जवाब दिया कि पंजाब और केरल ने आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (सी) को लागू नहीं किया है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों में न्यूनतम 25 फीसदी आरक्षण अनिवार्य करता है। उच्च शिक्षा के लिए निजी कॉलेजों और डीम्ड विश्वविद्यालयों की फीस को नियंत्रित करने के लिए कोई नियंत्रण नहीं है। डॉ. साहनी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का प्रावधान है लेकिन इस प्रावधान के कार्यान्वयन का आकलन करने की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने सवाल किया कि वर्तमान में कितने बच्चे इस निःशुल्क शिक्षा से लाभान्वित हो रहे हैं और सरकार से कवरेज में किसी भी कमी को दूर करने का आग्रह किया।



### पुश्ता-सर्कुलर रोड के लिंक मार्गों का उदघाटन





**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): करावल नगर विधानसभा से भाजपा विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष मोहन सिंह बिष्ट द्वारा सोनिया विहार दूसरा पुस्ता तथा सर्कुलर रोड के संपर्क मार्गों व गलियों के नवनिर्माण कार्यों का एमएलए लैड से उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मोहन सिंह बिष्ट ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सभी गलियां और सड़कें दो महीने में बनकर तैयार हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि ये सड़कें और गलियां नीची पड़ जाने के कारण अक्सर यहां नालों का गंदा पानी भर जाता था। क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में काफी समस्याएं होती थीं। मोहन सिंह ने बताया कि वह जमीनी नेता हैं, उन्हें क्षेत्रवासियों की इससे समस्या का अच्छे से ज्ञान था। इसीलिए वह लगातार सरकार से फंड की मांग कर रहे थे। मगर विपक्ष में होने के कारण उन्हें समय पर उचित फंड जारी नहीं किया गया। मगर अब जल्दी ये सड़कें और गलियां बनकर तैयार हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि सोनिया विहार में विकास कार्यों को रुकने नहीं देंगे। विधायक कार्यालय के प्रतिनिधी कपिल बंदूनी ने बताया कि इस मौके पर निगम पार्षद सोनी अनुपम पांडे, मण्डल अध्यक्ष राजेश राज, लवलेश शर्मा, कालीचरण शर्मा, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा बोबी ठाकुर, संजीव मिश्रा तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### गुर्जर महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के तत्वावधान में कांस्टीट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में गुर्जर समाज की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन विस्तार, समाज उत्थान, सामाजिक कुरुतियों को दूर करने एवम राजनीतिक दलों में गुर्जर समाज की अनदेखी होने पर पुरजोर विरोध कर समाज द्वारा राजनीतिक दलों को उचित जवाब देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सर्वप्रथम भगवान देव नारायण की प्रतिमा के सम्मुख अतिथियों सहित राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक पुरुषोत्तम पाटिल ने दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक पुरुषोत्तम पाटिल ने संगठन की कार्य योजनाओं और गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौजूदा गुर्जर समाज को संबोधित करते हुए महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्षा रेनू चौधरी (गुर्जर) ने कहा कि गुर्जर एक जाति नहीं बल्कि संस्कृति है। बेहतर शिक्षा, उत्कृष्ट विचार और सामाजिक एकता से ही गुर्जर समाज का विकास संभव है।

# बारिश से सराबोर दिल्ली, सड़क पर पानी भरने से ट्रैफिक जाम से लोग रहे परेशान



## मयूर विहार और आयानगर में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज मौसम विभाग के अनुसार, 1 जून से 13 अगस्त के बीच राजधानी में 356.1 एमएम बारिश

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली-एनसीआर में अगस्त महीने की शुरुआत से ही खूब बारिश हो रही है। पिछले दो-तीन दिनों से राजधानी के अलग-अलग इलाकों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है। रविवार को कई इलाकों में तेज बारिश हुई। इससे अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री नीचे दर्ज किया गया। वहीं, मौसम सुहाना होने से लोगों का उमस से राहत मिली। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में रविवार सुबह से ही घने बादल छाए रहे। इस दौरान कहीं- कहीं पर हल्की और कहीं पर तेज बारिश हुई। मयूर विहार और आयानगर में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई। इससे अधिकतम तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। एक अगस्त को यह 37.8 डिग्री था। बारिश के कारण तापमान में सात डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज की है। वहीं, न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। आर्द्रता का स्तर 100 से 91 फीसदी तक रहा। इसके अलावा दिल्ली के नजफगढ़ में भारी बारिश के बाद जलभराव देखा गया। वहीं अन्य इलाकों में भी बारिश के चलते जलजमाव की खबरें सामने आई है।





फोटो : अमित श्रीवास्तव

### 24 घंटे में 2.9 मिलीमीटर हुई बारिश

दिल्ली के कई हिस्सों में रविवार सुबह बारिश हुई, जिससे कुछ इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में पिछले 24 घंटे में 2.9 मिलीमीटर बारिश हुई। बारिश के बाद दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कई जगहों पर यातायात प्रभावित होने की जानकारी दी। दिल्ली में इस महीने जमकर मेघ बरस रहे हैं। दिल्ली में मॉनसून सीजन के दौरान सामान्य से 13 फीसदी अधिक बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश नॉर्थ दिल्ली और नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली में हुई है और सबसे कम साउथ और वेस्ट दिल्ली में हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, 1 जून से 13 अगस्त के बीच राजधानी में 315.4 एमएम की जगह 356.1 एमएम बारिश हो चुकी है। सबसे ज्यादा बारिश नॉर्थ दिल्ली में सामान्य से 73 फीसदी अधिक बारिश हुई है।

### हवा हुई साफ, प्रदूषण गायब

बारिश का असर दिल्ली की हवा पर भी देखने को मिला है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, रविवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 69 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को संतोषजनक श्रेणी में रखा जाता है।

**रविवार रात आठ बजे तक यहां हुई इतनी बारिश**

सफदरजंग में 26.6 मिली, पालम 38.7 मिली, लोधी रोड 30.8 मिली, रिज 2.6 मिली, आयानगर 49.4 मिली, मयूर विहार 57.0 मिली और नजफगढ़ 25.0 में मिली बारिश दर्ज की गई।



## अर्थजगत

# खाद्य तेलों में गिरावट; दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट के दबाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल सस्ते हो गए जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं आवक कमजोर पड़ने से गुड़ और चीनी के भाव चढ़ गए।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 178 रिंगिट लुढ़ककर 3830 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.95 सेंट की गिरावट के साथ 40.95 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान सरसों तेल 74 रुपये, मूंगफली तेल 73 रुपये, सूरजमुखी तेल 36 रुपये, सोया रिफाइंड 72 रुपये और पाम ऑयल 167 रुपये प्रति क्विंटल सस्ते हो गए। वहीं, वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13113 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19560 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12308 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12088 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8666 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11166 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 200 रुपये और दाल चना 200 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि मसूर दाल 100 रुपये और मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। वहीं, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर चना 6800-6900, दाल चना 7800-7900, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 10200-10300, उड़द दाल 12400-12500, अरहर दाल 11400-11500 रुपये प्रति क्विंटल रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2750-2850 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** बीते सप्ताह मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 50 रुपये और गुड़ 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम। 4150-4250, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4500-4600 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

### कल क्या होगा?



नई दिल्ली, 13 अगस्त (एनएनएस) मंगलवार श्रावण सुदी अष्टमी को गेहूं, जौ, जई, मोठ, मसूर, देशी चना, शर्मिली, कालीमिर्च, हल्दी, लौंग, अंजीर, गोंद, बड़ी इलायची, धनिया, कॉपर, पीतल, सीसा में लाभ तथा मक्की, बाजरा, राजमा चित्रा, उड़द, तुवर, मूंग, ग्वार, ग्वार गम, सरसो, सोया, बिनौला, सूरजमुखी तेल, लोबिया, लालमिर्च, जायफल, छोटी इलायची, जावित्री, सौफ, किशमिश, जीरा, चिरौंजी, बादामगिरी, मेथी, दालचीनी, अमचूर, गोला, देशी घी, दूध पाउडर, पिस्ता, टिन, निकिल, सोना-चांदी आदि में हानि हो सकती है। भाग्यांक 2-4-6-8 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 6.54 बजे प्रात: के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगी।




# मॉडल टाउन विधानसभा में ध्वजारोहण समारोह में फहराया तिरंगा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने स्वतंत्रता दिवस से पहले मॉडल टाउन विधानसभा में ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुए, जहां उन्होंने क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस और समाजिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में तिरंगा फहराया। क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव को शॉल पहनाकर उनका सम्मान किया। समारोह में पूर्व विधायक कुंवर करण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मौ. उस्मान, मॉडल विधानसभा पूर्व प्रत्याशी अकांक्षा ओला सहित सभी ब्लाक अध्यक्ष उपस्थित थे।



यहां वरिष्ठ लोगों का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर देवेन्द्र यादव ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस की भूमिका को आज लोगों को बताने का समय है। कार्यकर्ताओं को युवाओं को साथ ले कर कांग्रेस की विचारधारा सबके विकास के संदेश को घर घर पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए आकांक्षा ओला ने संगठन के साथ महिलाओं और युवाओं को जोड़ने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाएं, जिनको हमें उनके अधिकार दिलाने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे और देश का भविष्य युवा को न्याय दिलाने की जरुरत है। आज देश का युवा बेरोजगारी से जूझ रहा है।

# लिव इन पार्टनर पर लगाया शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): साउथ डिस्ट्रिक्ट के मालवीय नगर इलाके में एक महिला ने लिव इन पार्टनर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। कथित आरोप है कि आरोपी से उसका एक बेटा भी है। दोनों पिछले एक साल से साथ भी रह रहे थे। इस बीच उसे पता चला कि आरोपी तो पहले से ही शादी शुदा है। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और कमरे में बंद कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म व कुकर्म भी किया। उसके परिवार के सदस्यों को भी मारने की धमकी दी। पीड़िता महिला का कहना है कि उसने इस बाबत मालवीय नगर थाने में भी शिकायत दी, मगर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही। हारकर उसने डीसीपी ऑफिस का दरवाजा खटखटाया है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2020 से आरोपी उसके साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता आ रहा है। पिछले एक साल से वे मालवीय नगर इलाके में साथ रह रहे हैं। इसी दौरान उसने आरोपी के बेटे को जन्म दिया। अब आरोपी का असली चेहरा उसके सामने आया है। पीड़िता का दावा है कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है।



# जहरखुरानी गिरोह ने जहरीला पदार्थ खिलाकर युवक को उतारा मौत के घाट

मनीष राणा

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के न्यू उस्मानपुर थाना इलाके में जहरखुरानी गिरोह ने एक युवक को जहरीला पदार्थ खिलाकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद आरोपी उसका फोन व पैसे लूटकर मौके से फरार हो गए। मृतक की पहचान अमित (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और पहचान कर आरोपी को पकड़ लिया है। पुलिस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस को शनिवार तड़के ब्रह्मपुरी की गली नंबर-22 में एक युवक के अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। शुरुआती जांच में पुलिस को उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले, जिससे उसकी पहचान हो सके। बाद में युवक की पहचान अमित के रूप में हुई। वह मूलरूप से बिहार का रहने वाला था। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान की और गुप्त सूचना के बाद आरोपी को पकड़ लिया। जांच के बाद पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने अमित से उसका मोबाइल फोन व पैसे लूटे थे।



### रेलवे स्टेशन से युवक को अपने साथ लेकर आए थे आरोपी

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अमित की नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से ट्रेन थी। उसे कहीं जाना था। ट्रेन छुटने पर वह स्टेशन के बाहर आ गया। इसी दौरान आरोपी उसे अपनी बातों में बहला फुसलाकर ब्रह्मपुरी लेकर आ गए। रास्ते में आरोपियों ने उसे किसी चीज में जहरीला पदार्थ मिलकर खिला दिया। इसके बाद आरोपी अचेत हो गया और आरोपी उसके साथ लूटपाट कर मौके से भाग गए।

### ऐसे देते थे वारदात को अंजाम

पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसका गिरोह लोगों को जहरीला पदार्थ खिलाकर वारदात को अंजाम देते है। उन्होंने अमित को अकेला पाया और वह देखने में भी भोला भाला लग रहा था तो उन्होंने उसे अपनी बातों में उलझाया और अपने साथ लेकर आए। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया।

# लाठी-डंडों से लैस दर्जनभर नकाबपोश बदमाशों ने परिवार पर किया हमला

## सीसीटीवी कैमरों में फुटेज आया सामने, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के न्यू अशोक नगर इलाके में लाठी-डंडों से लैस दर्जनभर नकाबपोश बदमाशों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमला करने के साथ-साथ बदमाशों ने घर में तोड़फोड़ करने के अलावा घर का मैन गेट भी उखाड़ कर फेंक दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। हमला वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पीड़िता काजल का आरोप है कि उन पर हमला उनके बड़े पापा राम विलास, उनके बेटे प्रियांशु, चित्रांशु और बेटू ने करवाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, काजल, न्यू अशोक नगर में परिवार के साथ रहती है। परिवार में पिता विमल कुमार अग्रवाल, मां सुनीता, भाई अभिषेक और बहन व अन्य सदस्य हैं। बेटे अभिषेक ने बताया कि उनके ताऊ रामविलास और पिता के बीच संपत्ति को लेकर पिछले कई वर्षों से विवाद चल रह था। गत दो मार्च को कोर्ट ने फैसला इनके पक्ष में सुनाया। आरोप है कि गत नौ मार्च को उनके बड़े पापा ने उन पर हमला कराया। इसके बाद वह अक्सर उनके साथ झगड़ा करते रहते थे। आरोप है कि गत चार अगस्त को नोएडा में इनके पिता पर हमला भी इन्होंने कराया था। हमले में इनके पिता तीन दिन तक अस्पताल में भर्ती रहे। इसके बाद रविवार अगस्त तड़के उन्होंने बदमाशों को भेजकर हमला करवाया।



### वायरल हुआ घटना का वीडियो

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि लाठी-डंडों से लैस दर्जनभर नकाबपोश बदमाश घर में घुस रहे है। इसके बाद बदमाश घर में घुसकर लोगों पर हमला करते है। हमले के दौरान एक महिला व एक युवती घर के बाहर आ जाती है। बदमाश उन पर बाहर भी हमला करने लगते है। हमले के दौरान पीड़ितों के चीख-पुकार की आवाज भी फुटेज में साफ सुनाई दे रही है। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग जाते है।

न्यू अशोक नगर थाने में झगड़े की पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पीड़िता काजल ने पुलिस को बताया है कि करीब 10 बदमाश रविवार तड़के उनके घर में लाठी-डंडों के साथ घुस गए। बदमाशों ने उन्हें व उनके परिजनों को बुरी तरह पीटा। उन्होंने हमले में अपने ताऊ व उनके बेटों को पूरी वारदात का मास्टरमाइंड बताया है। क्योंकि दोनों परिवारों के बीच संपत्ति का विवाद था। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।


**-अपूर्वा गुप्ता, डीसीपी ईस्ट**

# मुस्तफाबाद: कीचड़ में मस्जिद जाने को मजबूर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली की मुस्लिम बहुल 'मुस्तफाबाद विधानसभा' में स्थानीय लोग गलियों के अधूरे निर्माण कार्य के चलते कई तरह की दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। बारिश ने उनकी परेशानियों को और कई गुना बढ़ा दिया है। दिल्ली कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अली मेहंदी ने बताया कि न्यू मुस्तफाबाद की गली नम्बर चार में रहने वाले लोग पिछले दो महीने से नरकीय जीवन जी रहे हैं। नमाज पढ़ने जाते हैं तो उन्हें कीचड़ और गंदे पानी से होकर मस्जिद तक जाना पड़ता है। इस गली को बनाने के नाम पर तोड़कर अधूरा छोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसी गली में एक डिस्पेंसरी भी है। इलाज के लिए आने वाले मरीज व तीमारदारों को उल्टा कीचड़ में फिसलकर गिरने का डर सताता रहता है। उनका आरोप है कि विधानसभा में यह एक मात्र ऐसी गली नहीं, बल्कि और भी अनेक गलियों का हाल ऐसा ही है।



# 12 राशियां और आपका दिन






Forecast for 12 Augest, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026

**मेष** ARIES (21 मार्च- 20 अप्रैल) फिटनेस के प्रति मोटिवेटेड महसूस करेंगे। फैमिली आपके आइडिया का सपोर्ट करेगी। ट्रिप पर जाने वाले शानदार वक्त बितायेंगे। प्रॉपर्टी डील अंतिम स्वरुप लेने वाली है।
**लकी नंबर :6, लकी कलर : रेड**

**वृषभ** TAURUS (21 अप्रैल- 20 मई) स्वास्थ्य संतोषजनक रहेगा,निश्चिंत रहेंगे। सामाजिक क्षेत्र में शोहरत मिलने वाली है। आसपास के लोगों को इंप्रेस कर पायेंगे। विवाह योग्य लोगों को साथी मिल जाएगा।
**लकी नंबर : 7, लकी कलर : ब्लू**

**मिथुन** GEMINI (21 मई -21जून) वित्तीय चिताओं से मुक्ति मिलने वाली है। सेहत के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। रात को ड्राइव करने से बचें,सुरक्षित रहेंगे। सामाजिक क्षेत्र में शोहरत मिलने वाली है।
लकी नंबर : 2, लकी कलर : येलो

**कर्क** CANCER (22 जून- 22 जूलाई) पढ़ाई में बेस्ट देंगे,लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। सैलरी में अपेक्षित बढ़ोतरी होने के संकेत हैं। प्रॉपर्टी डील में अच्छा मुनाफा होने वाला है। विदेश यात्रा का अवसर मिल सकता है।
**लकी नंबर : 5, लकी कलर : ग्रीन**

**सिंह** LEO (23 जुलाई - 23 अगस्त) कार्यक्षेत्र में अपना विचार लागू कर पायेंगे। फाइनेंशियल स्तर पर स्थिरता आने वाली है। फैमिली में पॉजिटिव माहौल बनाना होगा।
**लकी नंबर :9, लकी कलर : मैरून**

**कन्या** VIRGO (24 अगस्त- 23 सितंबर) ऑफिस में किसी का मार्गदर्शन मिलेगा। परिवार में कोई खुशखबरी आने वाली है। बचपन के दोस्त से मिलने के संकेत हैं। आपके मददगार स्वभाव की तारीफ होगी। निवेश का शानदार मौका मिल सकता है।
**लकी नंबर :17, लकी कलर : व्हाइट**

**तुला** LIBRA (24 सितंबर -23 अक्टूबर) अकेडमिक क्षेत्र में फोकस बढ़ने वाला है। अनअपेक्षित श्रोत से आमदनी हो सकती है। फैमिली गेट टुगेदर के लिए तैयार रहें। दोस्तों के साथ शॉपिंग पर जा सकते हैं।
**लकी नंबर : 8, लकी कलर : पीच**

**वृश्चिक** SCORPIO (24 अक्टूबर - 22 नवंबर) कमिशन एजेंट के लिए अच्छा दिन रहेगा। बड़ी डील फाइनल होने की संभावना है। अपने युवा बच्चे को गाइडेंस देनी होगी। पारिवारिक स्थिति संतोषजनक रहेगी।
**लकी नंबर : 22, लकी कलर : ऑरेंज**

**धनु** SAGITTARIUS (23 नवंबर - 21 दिसंबर) बिजनेस फ्रंट पर चुनौती के लिए तैयार रहें। फैमिली मेंबर से बहस होने की संभावना है। आर्थिक मामले में समय अनुकूल फैसला लें। किसी खास के संग ड्राइविंग का आनंद लेंगे।
**लकी नंबर :11, लकी कलर : डार्क ग्रे**

**मकर** CAPRICORN (22 दिसंबर- 21 जनवरी) सेविंग मोड में रहेंगे,बचत पर फोकस रहेगा। स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली अपनाएंगे। वेकेशन पर जाने का मौका मिल सकता है। पारिवारिक जीवन में सुख शांति आएगी।
**लकी नंबर : 18, लकी कलर : पर्पल**

**कुंभ** AQUARIUS (22 जनवरी -19 फरवरी) सेहत के मामले में अच्छा दिन रहेगा। बड़ी प्रॉपर्टी डील फाइनल करने वाले हैं। पारिवारिक जीवन संतोषजनक रहेगा। बच्चों के लिए अच्छे गाइड साबित होंगे। करीबी लोगों से संपर्क बढ़ा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी अहमियत बढ़ेगी।
**लकी नंबर : 4, लकी कलर : सैफ्रॉन**

**मीन** PISCES (20 फरवरी - 20 मार्च) पारिवारिक रिश्ते मजबूत होने की उम्मीद है। विदेश यात्रा की प्रबल संभावना बन रही है। प्रॉपर्टी का चुनाव सावधानी से करना होगा। कार्यक्षेत्र में बदलाव का सामान करना होगा। आर्थिक स्तर पर सकारात्मक स्थिति रहेगी।
**लकी नंबर :1, लकी कलर : गोल्डन**

# पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह पुरूष (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम:** अज्ञात, **पुत्र:** अज्ञात, **पता:** अज्ञात, **उम्र:** लगभग 22 साल, **लिंग:** पुरूष, **कद:** 5 फुट 10 इंच , **रंग:** गोरा, **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** पतला, **पहचान चिन्ह:** बायीं बांह पर काले रंग का तिल, **पहनावा:** चेकदार ग्रे व नीली रंग की शर्ट एवं नीला व हरा रंग लोअर पहने हुए है दिनांक 09.08.2024 को डीडीयू हॉस्पिटल, दिल्ली 3थाना अन्तर्गत बिन्दापुर, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया।

इस संदर्भ में **DD No. 203A, dated 09.08.2024** थाना बिन्दापुर, दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना– बिन्दापुर, दिल्ली**
**DP/10653/DW/2024 (UIDB)** **फोन: 011-25633525, 8750871025**

# शोध: मधुमेह का इलाज, औषधीय पौधों में छिपा है गहरा राज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारतीय शोधकर्ताओं का कहना है कि मधुमेह पर काबू पाने में औषधीय पौधे असरदार हैं। एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बिहार के गया स्थित ब्रह्मयोनी पहाड़ी पर मौजूद औषधीय पौधों की क्षमताओं को उजागर किया है। इन्हीं में एक का इस्तेमाल सीएसआईआर ने अपनी महत्वपूर्ण दवा बीजीआर-34 में किया जो आज दोहरी क्षमताओं के साथ काम कर रही है। यह औषधीय पौधा गुड़मार है जिसमें पाए जाने वाले जिम्नेमिक एसिड में रक्त शर्करा को घटाने की अनोखी क्षमता है। इसी तरह गुड़मार में फ्लेवोनोइड्स और सैपोनिन भी मौजूद हैं जो लिपिड के मेटाबॉलिज्म (उपापचय) को नियंत्रित करते हैं। फ्लेवोनोइड्स में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जबकि सैपोनिन कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ क्रिएटिव रिसर्च थौट्स (आईजेसीआरटी) में बिहार के मगध विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों ने इस अध्ययन में बताया कि ब्रह्मयोनी पहाड़ी पर पाए जाने वाले तीन औषधीय पौधों में से एक गुड़मार (जिम्नेमा सिल्वेस्ट्रे) है। यह वही क्षेत्र है जहां सदियों से परंपरागत वैद्य इन पादपों का मधुमेह समेत विभिन्न रोगों के उपचार में इस्तेमाल कर रहे हैं। सीएसआईआर ने अपनी मधुमेह रोधी दवा बीजीआर-34 में गुड़मार को मिलाया है और एमिल फार्मा के जरिए बाजार में आई यह दवा सफल भी रही है। गुड़मार में कुछ ऐसे औषधीय गुण हैं जो मधुमेह के साथ साथ लिपिड प्रोफाइल को भी नियंत्रित करने में सक्षम बनाते हैं। एमिल फार्मा के कार्यकारी निदेशक डॉ. संचित शर्मा ने बताया कि बीजीआर-34 में गुड़मार के साथ साथ दारुहरिद्रा, गिलोय, विजयसार, मजीठ व मैथिका औषधियां भी शामिल हैं। यह मधुमेह, लिपिड प्रोफाइल और मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने के साथ साथ एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा भी बढ़ाती है।



ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




# युवा हताश क्यों

**भारत** दुनिया के सबसे बड़े जनसंख्या और विकासशील देशों में से एक है लेकिन बेरोजगारी की समस्या गम्भीरता से बढ़ रही है और यह समस्या समाज के विभिन्न वर्गों को प्रभावित कर रही है। कुछ पदों के लिए लाखों आवेदक आ जाते हैं और स्थिति सम्भालनी मुश्किल हो जाती है। मुम्बई पुलिस में महिला कांस्टेबलों और महिला ड्राइवरों के 1257 पदों के लिए 1.11 लाख आवेदन मिले। मरीन ड्राइव पर फिजिकल टैस्ट देने के लिए भारी संख्या में महिला आवेदकों की भीड़ लग गई। टैस्ट देने आई लड़कियों को बारिश में भी फुटपाथ पर सोना पड़ा। अनेक ने रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर रात गुजारी। मुम्बई पुलिस के पास इन युवतियों को एक रात के लिए भी ठहराने की कोई व्यवस्था नहीं थी। पिछले महीने भी एयर इंडिया द्वारा आयोजित किए गए वाक-इन-इंटरव्यू में इतनी भीड़ पहुंच गई थी कि उन्हें नियंत्रित करना मुश्किल हो गया था। कहते हैं मुम्बई से कोई खाली हाथ नहीं जाता लेकिन बेरोजगारी का यह आलम देखिये कि 600 पदों की भर्ती के लिए 25000 से ज्यादा युवा पहुंच गए। अनेक तो बिना खाये-पिये घंटों रुकने के बाद बिना इंटरव्यू दिए वापिस लौट गए। नौकरी की तलाश में भारतीय युवा इजराइल के युद्ध क्षेत्र तक में नौकरी करने के लिए वहां पहुंच गए हैं। ऐसे दृश्य न केवल चिंता पैदा करते हैं, बल्कि युवाओं में हताशा पैदा कर रहे हैं।

इस वर्ष जून में बेरोजगारी दर बढ़कर 8 महीने के उच्च स्तर 9.2 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। यद्यपि हर महीने बेरोजगारी की दर घटती-बढ़ती रहती है लेकिन कुल मिलाकर दृश्य परेशान करने वाला है। भारत में कुल बेरोजगारों में से 83 फीसदी युवा हैं। इस हिसाब से अगर भारत में 100 लोग बेरोजगार हैं तो उसमें से 83 लोग युवा हैं। देश के कुल बेरोजगार युवाओं में पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या सन् 2000 के मुकाबले अब डबल हो चुकी है। वर्ष 2000 में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या कुल युवा बेरोजगारों में 35.2 प्रतिशत थी। 2022 में बढ़कर 65.7 प्रतिशत हो गई और 2024 तक आते-आते यह और भी बढ़ गई। इन आंकड़ों में उन पढ़े-लिखे युवाओं को शामिल किया गया है जिनकी कम से कम 10वीं तक शिक्षा हुई है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है लेकिन आर्थिक प्रगति की हाईप रोजगार के अवसर पैदा नहीं कर रही। क्योंकि अर्थव्यवस्था में बुनियादी समस्याएं मौजूद हैं। इतना ही नहीं युवाओं में जो स्नातक हैं उनके आंकड़े भी काफी निराशाजनक हैं। अच्छा वेतन देने वाली नौकरियों के इच्छुक शिक्षित युवाओं को खपा सकने वाली नौकरियों का अभाव है। शिक्षा की गुणवत्ता में खामियों के चलते बड़ी संख्या में शिक्षित युवा अब भी नौकरी के मानक को पूरा करने में अक्षम रह रहे हैं। इसके अलावा मुद्रास्फीति को शामिल करने के बाद भी वेतन या तो ठहरे हुए हैं या फिर उनमें कमी देखी गई है।

**इस वर्ष जून में बेरोजगारी दर बढ़कर 8 महीने के उच्च स्तर 9.2 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। यद्यपि हर महीने बेरोजगारी की दर घटती-बढ़ती रहती है लेकिन कुल मिलाकर दृश्य परेशान करने वाला है। भारत में कुल बेरोजगारों में से 83 फीसदी युवा हैं। इस हिसाब से अगर भारत में 100 लोग बेरोजगार हैं तो उसमें से 83 लोग युवा हैं। देश के कुल बेरोजगार युवाओं में पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या सन् 2000 के मुकाबले अब डबल हो चुकी है। वर्ष 2000 में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या कुल युवा बेरोजगारों में 35.2 प्रतिशत थी। 2022 में बढ़कर 65.7 प्रतिशत हो गई**

हमारी आबादी का बड़ा हिस्सा युवा है और अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाये रखने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विकास के इस मोड़ पर युवाओं में कौशल का अभाव भारी नुक्सान का कारण बन सकता है। एक ओर कुछ प्रतिष्ठित संस्थानों से निकले लोग वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व के स्तर पर हैं तो दूसरी ओर स्नातकों की बड़ी संख्या के पास सामान्य रोजगार तक के लिए क्षमता की कमी है। पिछले साल के एक अध्ययन में पाया गया था कि देश में केवल 3.8 प्रतिशत इंजीनियर हैं, जिनके पास स्टार्टअप में सॉफ्टवेयर संबंधी नौकरी के लिए जरूरी कौशल है। हमारे देश में शिक्षा की जरूरत और मांग को देखते हुए निजी क्षेत्र का योगदान अहम है लेकिन कई संस्थान ऐसे हैं जहां शिक्षकों की कमी है, प्रयोगशालाएं नहीं हैं और पढ़ाई का स्तर निम्न है। हालांकि सरकारी और निजी संस्थाओं की निगरानी के लिए केंद्रीय और राज्य स्तरीय संस्थान एवं विभाग हैं, फिर भी अगर गुणवत्ता का अभाव है तो यह बेहद चिंता की बात है। आईआईटी के स्नातकों को आज नहीं तो कल नौकरी मिल जायेगी लेकिन बाकी के कौशल एवं प्रशिक्षण के बारे में सोचना बहुत जरूरी है।

यही कारण रहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में रोजगार वृद्धि को मुख्य उद्देश्य माना। देश की 500 बड़ी कम्पनियों में एक करोड़ युवाओं के इंटर्नशिप की सुविधा उपलब्ध कराना एक बेहतर सोच है और इंटर्नशिप के लिए युवाओं को मासिक तौर पर 5000 रुपए की वित्तीय सहायता का प्रावधान भी सराहनीय है लेकिन इंटर्नशिप के बाद स्थायी रोजगार की उपलब्धता पर नी तियां अभी भी अस्पष्ट हैं। बेरोजगारी संकट दूर करने के लिए औद्योगिक उत्पादन में श्रम प्रधान तकनीक, कृषि आधारित क्षेत्र में बहुफसल, पशुपालन और फूड प्रोसेसिंग जैसे उपायों को अपनाने, किताबी ज्ञान की बजाय व्यावसायिक शिक्षा पर ध्याद देने और तकनीकी प्रशिक्षण पर जोर देने से ही समस्या का निदान हो सकता है। युवाओं को भी अपनी सोच में बदलाव कर अपनी पसंद के विषयों पर अपनी प्रतिभा को चमकाना चाहिए क्यों हर युवा को व्हाईट कॉलर जॉब उपलब्ध नहीं हो सकती।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## वो सर्वस्व न्यौछावर कर तिरंगे पर ...

"वो सर्वस्व न्यौछावर कर तिरंगे पर लिख छोड़
गए अपने लहू की निशानियां,
आज भी देश के कोने-कोने से सुनायी देती हैं
उनकी वीरगाथा की अमर कहानियां,,
कितनी सुहागिनों ने दी हैं अपने सिंदूर की कुर्बानियां,
इस देश की सुरक्षा और अखंडता की यज्ञवेदि में
आहूत कर दी उन बेटों ने अपनी जवानियां...।।"



गीता पाढा

## विलेज डिफेंस ग्रुप के साथ मिलकर सीमा पर सुरक्षा मजबूत करेंगे : डीजीपी आर आर स्वैन

**सांबा,** (पंजाब केसरी): जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीजीपी आर.आर. स्वैन ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय सीमा सांबा के राजपुरा में विलेज डिफेंस ग्रुप (वीडीजी) के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वीडीजी की सहायता से अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा मजबूत की जाएगी। डीजीपी स्वैन ने कहा, सांबा और कठुआ जिले में विलेज डिफेंस ग्रुप (वीडीजी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमें लगता है कि हम वीडीजी के साथ मिलकर सीमा पर सुरक्षा मजबूत कर सकते हैं। सरकार भी इस पर काफी जोर दे रही है। हम हमेशा इस चीज का यकीन रखते हैं कि पब्लिक भागेदारी और सहयोग के बिना हम उचित परिणाम हासिल नहीं कर सकते हैं।

# ढाके की मलमल और टैगोर प्रदत्त राष्ट्रगान



डा. चन्द्र त्रिखा
chandertrikha@gmail.com


**दो** बातों के लिए विश्व में चर्चित ढाका इन दिनों अपने अस्तित्व के सर्वाधिक नाजुक चरण से गुजर रहा है। गुरुदेव टैगोर के एक गीत को अपना राष्ट्रगान बनाने वाले इस देश को निरंतर अपने भीतरी आक्रोश व तूफानों से गुजरना पड़ा है। अभी भी तबाही का सिलसिला थमा नहीं है।

हमें 'जन गण मन' का राष्ट्रगान देने वाले टैगोर ही बंगलादेश के राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' के रचयिता थे। फिलहाल बंगलादेश, इस 'आमार सोनार बांग्ला' की विशिष्ट पहचान, इसके साहित्य और समृद्ध संस्कृति के अलावा 'ढाका की मलमल' से जुड़ी हुई है।

ये तथ्य वहां की नई पीढ़ी को शायद स्मरण नहीं होंगे। लगभग 200 वर्ष पूर्व 'ढाका की मलमल' पूरे विश्व में सर्वाधिक बहुमूल्य मानी जाती थी। वैसे 17वीं सदी में ढाका की इन मखमली मुलायम मलमल के वस्त्र मुगल शासक भी पहनते थे। कहा तो यह भी जाता है कि मलमल की कताई-बुनाई इतनी महीन व मखमली होती थी कि इसका एक थान, एक अंगूठी में से गुजारा जा सकता था। वैसे इस शब्द 'मलमल' से पहला परिचय प्रख्यात विश्व यात्री मार्कोपोलो ने मोसुलर (इराक) के हवाले से दिया था। इसके बाद 18वीं शताब्दी में फैशन-इतिहासकार सूसन ग्रीन ने भी पूरे ब्यौरे के साथ इससे दुनिया का परिचय कराया था। तब यह मलमल दुर्लभ थी और बेहद महंगी भी। इसके 100 थान दिल्ली के सुल्तान मोहम्मद तुगलक ने उपहार के रूप में चीन के तत्कालीन सम्राट के भेजे थे।

ऐसा क्या था जो इस वस्त्र को दुर्लभ भी बनाता था और इसे ढाका व आसपास के इलाकों से ही जोड़े रखा गया था। इसके कपासी पौधों का उत्पादन मेघना नदी के किनारे वाले सूखे क्षेत्रों में ही होता था। इसकी कताई के लिए भी अलग किस्म के उपकरण बनाए जाते थे। जितनी यह 'मलमल' मुलायम थी उतनी ही इस पर विशेष चित्रकारी भी की जाती थी। बाद में इसी से 'जामदानी साड़ियां' भी बनाई जाने लगी थीं।

यह भी विशेष उल्लेखनीय है कि इस मलमल पर लोकगीत भी रचे गए, गीत भी और फिल्में भी बनी। ढाका में इसका अलग से एक म्यूजियम भी है मगर न जाने अब उसका क्या हश्र हुआ होगा लेकिन जो ढाका की मलमल 200 साल तक इस धरती का सबसे कीमती कपड़ा बनी रही और फिर सिरे से गायब हो गई। आखिर ऐसा कैसे हुआ?





ढाका की मलमल का सफर लंबा रहा है। एक दौर में यह दुनिया का सबसे बेहतरीन कपड़ा माना जाता था और सबसे कीमती भी लेकिन वक्त के साथ यह सिमटता चला गया। आजकल इस कपड़े की शान फिर से लौटाने की कवायद चल रही है।

ढाका की मलमल सोलह चरणों से गुजरने के बाद तैयार होती है। वह उस नायाब कपास से बनाई जाती थी जो बंगलादेश (तत्कालीन भारतीय बंगाल) की मेघना नदी के किनारे पैदा किया जाता था।

हजारों साल से यह कपड़ा पूरी दुनिया में पसंद किया जाता रहा था। प्राचीन ग्रीस में देवियों की मूर्तियों को मलमल के कपड़े पहनाए जाते थे। कई देशों की साम्राज्ञियों के परिधान मलमल से तैयार होते थे। भारतीय उप महाद्वीप में राज करने वाले मुगल बादशाहों और अमीर-उमरावों के वस्त्र भी इसी कपड़े से तैयार होते थे। मलमल का ये कपड़ा कई किस्मों का होता था। राजदरबार के कवियों ने इससे प्रभावित होकर इसका नाम 'बफ्त हवा' यानी बुनी हुई हवा रखा। कहा जाता है कि आला दर्जे का यह कपड़ा हवा जितना हल्का होता था। यह इतना महीन होता था कि आप 300 फीट लंबे कपड़े के टुकड़े को अंगूठी से निकाल सकते थे। एक अन्य यात्री ने लिखा था कि आप 60 फीट लंबे कपड़े को तह करके सूंघनी की छोटी डिबिया में रख सकते थे।

आमतौर पर मलमल उन दिनों साड़ी या जामा (कुरता) बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता था लेकिन ब्रिटेन में यह संभ्रांत लोगों का कपड़ा बन गया। यह इतना पारदर्शी हुआ करता था कि कई बार इसे पहनने वाले उपहास के भी पात्र बने।

हालांकि ढाका की मलमल की लोकप्रियता कम नहीं हुई। जो लोग इसे खरीदने की क्षमता रखते थे वही पहनते थे। यह उस दौर का सबसे महंगा कपड़ा था। साल 1851 के आसपास एक गज मलमल की कीमत 50 से 400 पाउंड के बीच होती थी। आज के हिसाब से यह 7 हजार से लेकर 56 हजार पाउंड का बैठता है। इसके संभ्रांत कद्रदानों की कमी नहीं थी। इनमें फ्रांस की क्वीन मैरी एंटोनेट से लेकर साम्राज्ञी बोनापार्ट और जेन ऑस्टिन तक शामिल थीं लेकिन जब तक यह कपड़ा नव जाग्रत यूरोप पहुंचा तब तक यह गायब होना शुरू हो गया।

20वीं सदी की शुरूआत तक ढाका की मलमल दुनिया के हर कोने से गायब हो चुकी थी। जो कुछ थोड़ा बहुत कपड़ा बच गया वह लोगों के प्राइवेट कलेक्शन और संग्रहालयों में रह गया था। यह पूरी तरह सामुदायिक काम था जिसमें युवा और बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष सब शामिल होते थे। पहले कपास के छोटे गोले बोआल मछली के दांत के कंघों से साफ किए जाते थे। इसके बाद सूत की कताई होती थी। धागे तैयार करने के लिए काफी नमी की जरूरत पड़ती था ताकि ये खिंच सके। इसलिए यह काम नावों पर किया जाता था। यह काम बिल्कुल सुबह या ढलती दोपहरी में होता था जिस वक्त सबसे ज्यादा नमी होती है। बुजुर्ग सूत नहीं कातते थे क्योंकि अपनी कमजोर आंखों की वजह से वे महीन धागे को ठीक से देख नहीं पाते थे। साल 2012 में मलमल पर किताब लिखने वाली लेखिका और डिजाइन इतिहासकार सोनिया आशमोर कहती हैं कि सूती धागे में बीच-बीच में महीन गांठ होती थी जो पूरे धागे को जोड़े रखती थी। इससे धागे की सतह पर एक रुखापन होता था जो काफी अच्छा अहसास देता है। ढाका की मलमल इतनी शानदार थी कि इस इलाके में आने वाले लोगों को इस बात पर विश्वास ही नहीं होता था कि यह इंसानी हाथों से बना हुआ है। कुछ लोग तो यह मानते थे कि इसे जलपरियां या भूत बनाते हैं।

बंगलादेश नेशनलिस्ट क्राफ्ट काउंसिल की प्रेसिडेंट रूबी गजनवी का कहना है कि मलमल इतनी हल्की और मुलायम होती है कि इसका जवाब ही नहीं। आज यह कपड़ा कहीं नहीं दिखता। साल 2013 में यूनेस्को ने जामदानी बुनाई को एक सांस्कृतिक धरोहर के तौर पर संरक्षित किया था।

आशमोर कहती हैं मुगलकाल मलमल के लिए सबसे अच्छा समय था। मुगल बादशाहों और उनकी रानियों ने मलमल को खूब संरक्षण दिया। उन दिनों फारस (अब ईरान) इराक, तुर्की और मध्य पूर्व के देशों तक मलमल का व्यापार होता था।

ढाका की मलमल इतनी बारीक होती थी कि इसकी कई तहों के बावजूद शरीर के अंग इससे दिखते थे। कहा जाता है एक बार औरंगजेब ने मलमल पहन कर दरबार में आने पर अपनी बेटी को डांटा था जबकि उसने सात तह किए हुए मलमल के कपड़े पहने थे जिन दिनों लंदन में लोग मलमल के कपड़े पहन कर गर्व महसूस कर रहे थे ठीक उसी वक्त इसके कारीगर कर्ज में डूब कर आर्थिक तौर पर बर्बाद हो रहे थे। 'गुड्स फ्रॉम द ईस्ट 1600-1800 नाम की एक किताब में कहा गया है कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने 18वीं सदी के आखिर में मलमल बनाने की नाजुक प्रक्रिया में टांग अड़ाना शुरू किया। सबसे पहले कंपनी ने मलमल के स्थानीय खरीदारों को हटा कर इसे खुद खरीदना शुरू कर दिया। आशमोर कहती हैं कि उन्हें इसके प्रोडक्शन पर शिकंजा कस लिया और फिर पूरे कारोबार पर कब्जा कर लिया। इसके बाद वे बुनकरों से कम कीमत पर ज्यादा कपड़ा तैयार करने को कहने लगे। अब वह स्वर्ण युग समाप्त हो चुका है।

# बंगलादेश के संदेश को गंभीरता से लिया जाए



विनीत नारायण
www.vineetnarain.net

**भारत** के पड़ोसी देश बंगलादेश में जो हुआ उसने कई तरह के सवाल खड़े किए हैं परंतु इन सब में एक अहम सवाल भारत और बंगलादेश के संबंधों का है। पड़ोसी व मित्र होने के चलते जिस तरह भारत ने बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री व अपदस्थ नेता शेख हसीना को दिल्ली में शरण दी है। वह आने वाले समय में भारत और बंगलादेश के संबंधों पर गहरा असर डाल सकता है, क्योंकि आम बंगलादेशियों की नजर में शेख हसीना और भारत एक-दूसरे के पर्याय माने जाते हैं। ऐसे में अगले कुछ महीने दोनों देशों के रिश्तों के लिए तनाव भरे भी हो सकते हैं। बंगलादेश में बनी मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार भारत के साथ किस तरह पेश आती है ये अभी कहा नहीं जा सकता। ये हमारी चिंता का विषय रहेगा।

कई देशों में भारत के राजदूत रहे पूर्व आईएफएस अधिकारी अनिल त्रिगुणायत के अनुसार यह एक ऐसा संकट है जो वाजिब संदेह से परे नहीं है। दुनिया में सबसे लंबे समय तक सत्तारूढ़ रही महिला प्रधानमंत्री और बंगलादेश में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली प्रधानमंत्री शेख हसीना का बंगलादेश में हो रही घटनाओं के त्वरित क्रम में अचानक इस्तीफा, निष्कासन और प्रस्थान अप्रत्याशित था। उनके कार्यकाल के दौरान उनके प्रशासन ने बंगलादेश को महत्वपूर्ण स्थायित्व प्रदान किया। इसके कारण उसकी आर्थिक प्रगति भी प्रभावशाली रही। पर साथ ही शेख हसीना के शासन में बढ़े भारी भ्रष्टाचार और उनके अहंकार के साथ-साथ उन पर चुनावों में गड़बड़ी करवाने के आरोपों ने उनकी विरासत को कलंकित किया। सरकारी नौकरियों में अपने ही दल के लोगों को स्वतंत्रता सेनानी बताकर लगातार सरकारी नौकरियों में तीस फीसदी आरक्षण देना युवाओं में उनके भारी विरोध का मुद्दा बना। हालांकि जुलाई के तीसरे सप्ताह में बंगलादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने इसे सुलटा दिया था। फिर भी ये विवाद का एक बड़ा मुद्दा बना रहा। इसी के चलते 300 से अधिक छात्रों और प्रदर्शनकारियों की मौत के साथ वहां स्थिति बिगड़ गई। वो एक महत्वपूर्ण मोड़ था जब सेना ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने से इन्कार कर दिया। घटनाओं का यह क्रम श्रीलंका और मिस्र में देखे गए संकटों की प्रतिध्वनि है। इस बीच, बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी की नेता बेगम खालिदा जिया की नजरबंदी रद्द कर दी गई है जो अब फिर से सक्रिय हो रही हैं, वे कट्टरपंथियों व पाकिस्तान के क़रीब मानी जाती हैं। ये हमारे लिए चिंता का कारण है। वहीं दूसरी तरफ शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने दावा किया है कि अब एक राजनीतिक गाथा खत्म हो गई है, क्योंकि उनका परिवार अब बंगलादेश को अव्यवस्था की खाई में से निकालने या पाकिस्तान के जाल से बचाने और उग्रवाद के भंवर में फंसने से बचाने के लिए वापस बंगलादेश नहीं आएगा, क्योंकि शेख हसीना द्वारा प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन 'जमात-ए-इस्लामी' हाल में सेना के साथ सरकार बनाने की बातचीत करने वाली टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा था। वाजेद ने यह भी कहा कि अब हसीना का राजनीति से नाता भी खत्म हो चुका है। आवामी लीग को एक नया कथानक और अपना नया स्वीकार्य नेता ढूंढना होगा। ये रुझान आने वाली परिस्थितियों के स्वरूप का संकेत देते हैं। उधर बंगलादेश की सेना के लिए भी आने वाला समय आसान नहीं है, क्योंकि सेना प्रमुख ने जनता विशेषकर छात्रों से इतनी बड़ी संख्या में हुई मौतों के मामले में कार्रवाई और जांच का आश्वासन देते हुए सहयोग मांगा है। यदि ऐसा है तो क्या उग्र और अनियंत्रित भीड़ द्वारा शेख़ हसीना के कार्यालय, आवास और संसद में की गई तोड़फोड़ को नजरअंदाज किया जाएगा?



गौरतलब है कि बंगलादेश के लोगों, खासकर युवाओं को लंबे समय तक चलने वाला सैन्य शासन पसंद नहीं है, इसलिए यदि एक समय सीमा के बाद सत्ता का लोकतांत्रिक हस्तांतरण नहीं किया गया और उसे राजनेताओं को नहीं सौंपा गया तो सेना को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा, बड़ी संख्या में छात्र सेना द्वारा थोपी गई अंतरिम सरकार के विचार से भी खुश नहीं हैं। दूसरी तरफ अंतर्राष्ट्रीय मामलों के कुछ अन्य जानकर ऐसा भी मानते हैं कि बंगलादेश में यदि आरक्षण ही मुद्दा होता तो शेख हसीना जनवरी 2024 में भारी बहुमत से चुनाव कैसे जीतीं? ऐसा क्या हुआ कि मात्र छह महीनों में ही उन्हें देश छोड़कर जाने पर मजबूर होना पड़ा? उनका कहना है कि पाकिस्तान बंगलादेश के अलग होने से बिल्कुल भी खुश नहीं था। उसकी जासूस एजेंसी आईएसआई हमेशा से ही बंगलादेश में सक्रिय रही है। जिसने इस तख्ता पलट की पटकथा लिखी है, क्योंकि शेख़ हसीना ने पिछले 15 वर्षों से भारत के साथ अच्छे संबंध रखे और वे भारतीय हितों को पोषित करने वाली मानी जाती थी जिससे पाकिस्तान काफ़ी बेचैन था। ऐसे पड़ोसी मित्र का सत्ता से अचानक हटना अब भारत के लिए चिंता का सबब अवश्य है। प्रश्न है कि भारत जैसे मज़बूत देश और भारत का एक तेज़-तर्रार ख़ुफ़िया तंत्र होने के बावजूद ढाका में होने वाले राजनैतिक घटनाक्रम की भनक तक क्यों नहीं लगी? ये बात गले नहीं उतरती। उल्लेखनीय है कि 1975 में जब भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों को बंगलादेश में तख़्तापलट होने जा रहा है, इसकी भनक लगी तो तब भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लगभग एक सप्ताह पहले ही अपने हैलीकॉप्टर भेज कर शेख मुजीबुर्र रहमान को भारत में शरण लेने की सलाह दी थी परंतु वे नहीं माने। परिणामस्वरूप उन्हें व उनके बेटों और परिवार के 17 सदस्यों को ढाका में उनके घर में ही मार दिया गया। यदि उसी तरह हमारी ख़ुफ़िया एजेंसियां ढाका में होने वाले ताजा घटनाक्रम की खबर समय रहते दे देती तो शायद प्रधानमंत्री मोदी जी बंगलादेश को इस संकट से बचा भी सकते थे, वहीं दूसरी ओर यदि हमारे पास इस घटनाक्रम की जानकारी थी तो हमने बंगलादेश के समर्थन में समय रहते कठोर कदम क्यों नहीं उठाए?

विदेशी मामलों के जानकार यह भी कहते हैं कि भारत ने 2014 तक अपनी कूटनीति के चलते दक्षिण एशिया में पाकिस्तान को अपने पांव पसारने नहीं दिये। नेपाल, म्यांमार, श्री लंका, बंगलादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और भारत सहित सात देशों के समूह ने भारत की पहल पर ही सार्क का गठन किया, जिसमें पाकिस्तान के अलावा भारत के सभी से अच्छे संबंध रहे परंतु किन्हीं कारणों से हमारी विदेश नीति में कुछ ऐसे परिवर्तन हुए कि 2015 के बाद से सार्क देशों की एक भी बैठक नहीं हुई। सार्क के बिखरते ही चीन ने अपनी विस्तारवादी नीति के चलते पहले पाकिस्तान और फिर भारत के अन्य पड़ोसी देशों में भी अपने पांव पसारने शुरू कर दिये परंतु ये सब होते हुए हम चुपचाप बैठे देखते रहे। नतीजन आज भारत चारों ओर से चीन के प्रभाव वाले पड़ौसियों से घिर गया है। अब छोटे से देश भूटान को छोड़कर कोई हमारा मित्र नहीं है। ग़ौरतलब है कि चीन से पहले अमरीका भी श्रीलंका और बंगलादेश पर अपनी नज़र बनाए हुए था परंतु चीन ने श्री लंका पर भी अपनी पकड़ बना कर अमरीका का सपना तोड़ दिया। बंगलादेश के साथ हमारा लाखों करोड़ का व्यापार चल रहा है। दोनों देशों के बीच काफी लंबी सीमा भी लगती है जो हमारी बड़ी चिंता का विषय है, इसलिए हमारे हक़ में होगा कि बंगलादेश में जो भी सरकार चुनी जाए वह भारत के हित की ही बात करे।

वरना जहां हमारी दो सीमाएं पहले से ही नाजुक स्थिति में हैं, कहीं हम चारों ओर से दुश्मनों से घिर न जाएं। अब ये उत्सुकता से देखना होगा कि बंगलादेश की अंतरिम सरकार के बाद जो भी सरकार बने वह भारत के साथ कैसे संबंध रखती है। इसलिए ढाका में हुए घटनाक्रम को दिल्ली को बहुत गंभीरता से लेना होगा।

# इंदिरा-राजीव के करीबी नटवर सिंह ने रिश्तों का हमेशा रखा मान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का शनिवार देर रात निधन हो गया। अपने राजनीतिक करियर में कई अहम पदों पर रहने वाले नटवर सिंह के सोनिया गांधी और कांग्रेस पार्टी से रिश्ते कभी मधुर तो कभी तल्ख रहे।

आलाकमान के करीबियों में हमेशा नटवर सिंह का नाम शुमार रहा। यही वजह है कि कांग्रेस के राजदार भी माने जाते थे। गांधी परिवार से करीबी ही उनकी सियासत में एंट्री की मजबूत वजह बनी। नौकरशाह से सियासतां का सफर एक जैसा नहीं रहा। पार्टी में रहे या फिर खुद को अलग किया तब भी अपने कद के साथ समझौता नहीं किया।

प्रशासनिक सेवा का सफर 1953 में शुरू हुआ। भारतीय विदेश सेवा के लिए चुने गए। अहम पदों पर रहे लेकिन फिर सियासत के प्रति रुचि और गांधी फैमिली से नजदीकी के चलते नौकरी छोड़ दी।1984 में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इंदिरा गांधी ने उन्हें राजस्थान के भरतपुर से चुनावी मैदान में उतारा और सफर का आगाज शानदार जीत से



हुआ। बतौर सांसद सदन में पहुंचे।

बताया जाता है कि नटवर सिंह ही वही शख्स थे, जिन्होंने राजीव गांधी की मौत के बाद सोनिया गांधी को राजनीति में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। पूर्व दिवंगत कांग्रेस नेता के पार्टी संग मधुर और तल्ख संबंध रहे। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के साथ उनका रिश्ता बहुत अच्छा था तो यूपीए-1 सरकार में उनके रिश्ते सोनिया गांधी से बिगड़ भी गए। 2005 में मंत्रिमंडल से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। वजह तेल के खेल नाम से सुर्खियों में रही। ईरान को तेल के बदले अनाज कांड को लेकर रिपोर्ट सामने आई। इसमें नटवर सिंह का नाम शामिल था। इसके बाद रिश्तों में खटास आ गई। नटवर सिंह ने 'द लिगेसी ऑफ नेहरू: ए मेमोरियल ट्रिब्यूट' और 'माई चाइना डायरी 1956-88' सहित कई किताबें भी लिखीं। उन्होंने उनकी आत्मकथा 'वन लाइफ इज नॉट इनफ' में गांधी परिवार को लेकर कई दावे भी किए। जिस पर सियासी भूचाल आ गया। उन्होंने दावा किया था कि साल 2004 में जब लोकसभा चुनाव के नतीजे कांग्रेस के पक्ष में आए तो सोनिया गांधी ने राहुल की वजह से प्रधानमंत्री का पद नहीं संभाला। क्योंकि राहुल को डर था कि सोनिया के साथ भी इंदिरा और राजीव गांधी जैसा न हो। बताते हैं कि नटवर सिंह की किताब के बाजार में आने से पहले सोनिया और प्रियंका गांधी उनके घर भी गई थीं, उनसे माफी मांगी थी।

जब-जब नटवर सिंह उनकी आत्मकथा को लेकर सवाल किया जाता था तो वह इसे टाल दिया करते थे। उन्होंने कभी अपनी आत्मकथा में लिखी बातों पर सफाई नहीं दी।

नटवर सिंह 1966 से 1971 के बीच पाकिस्तान में भारत के राजदूत थे। इसके अलावा उन्होंने यूके, अमेरिका और चीन में भी सेवाएं दी।

# बसपा सभी 10 सीटों पर लड़ेगी चुनाव : मायावती



**लखनऊ,**(पंजाब केसरी): बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को ऐलान किया कि निकट भविष्य में राज्य की 10 रिक्त विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में उनकी पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी और पूरे दमखम से चुनाव लड़ेगी। मायावती ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की एक समीक्षा बैठक में उपचुनाव लड़ने की घोषणा की। विधानसभा की कुल 10 सीटें रिक्त है, जिनमें करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, फूलपुर, मझवां और सीसामऊ विधानसभा सीटें शामिल है। अमूमन उपचुनावों से दूर रहने वाली बसपा ने इस उपचुनाव को पूरे दमखम से लड़ने का फैसला किया है। कहा, लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में रिक्त हुई 10 विधानसभा सीटों पर प्रस्तावित उपचुनावों के लिए अभी चुनाव की तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन इसे लेकर सरगर्मी लगातार बढ़ रही है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

# अलविदा पेरिस, 2028 ओलंपिक में लॉस एंजेलिस में फिर मिलेंगे...

## अमेरिका ने जीता 126 मैडल, 40 स्वर्ण के साथ चीन रहा टाप पर

**पेरिस,** (आईएएनएस): पेरिस ओलंपिक 2024 का रंगारंग समापन हो गया। समारोह में ग्रैमी पुरस्कार विजेता गायिका बिली आइलिश और रेड हॉट चिली पेपर्स ने अपनी प्रस्तुती द्वारा दर्शकों का मनमोह लिया। सभी एथलिटों ने 2028 में लॉस एंजेलिस में मिलने के उत्साह के साथ स्वदेश लौटे। समापन सामारोह में भारत की मैडल गर्ल मनु भाकर और हाकी दिग्गज श्रीजेश ध्वज वाहक बने।



पेरिस ओलिंपिक में अमेरिका ने सबसे अधिक 126 मैडल जीते जिसमें 39 स्वर्ण पदक, 44 रजत 42 कांस्य पदक जीते वहीं चीन ने कुल 40 स्वर्ण पदक जीता। भारत 6 मेडलों के साथ 71वें स्थान पर रहा। यूएसए ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन ओलंपिक में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी चीन को मामूली अंतर से पीछे छोड़ दिया। पेरिस ओलंपिक के अंतिम इवेंट महिला बास्केटबॉल में संयुक्त राज्य अमेरिका ने मेजबान देश फ्रांस पर 67-66 की रोमांचक जीत हासिल की। पूरे ओलंपिक के दौरान अमेरिका और चीन जैसी दो खेल महाशक्तियों के बीच तेज प्रतिस्पर्धा रही। चीन ने गोताखोरी और कलात्मक तैराकी जैसे पूल इवेंट में प्रभुत्व दिखाया और टेबल टेनिस व भारोत्तोलन भी उनकी पारंपरिक ताकत रहे। पेरिस ओलंपिक में जापान 20 स्वर्ण सहित 45 पदकों के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। ऑस्ट्रेलिया ने 18 स्वर्ण पदकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया, जबकि मेजबान फ्रांस 16 स्वर्ण पदकों के साथ टॉप-5 में शामिल हो गया। ग्रेट ब्रिटेन 14 स्वर्ण पदकों के साथ सातवें स्थान पर रहा। भारत के प्रदर्शन की बात करें तो भारतीय दल एक सिल्वर और पांच ब्रॉन्ज के साथ 71वें स्थान पर रहा। हालांकि, पहलवान विनेश फोगट ने महिलाओं के 50 किग्रा कुश्ती फाइनल में अयोग्य घोषित करने के खिलाफ अपील की है। जिस पर फैसला आना बाकी है। इन ओलंपिक खेलों में पाकिस्तान ने भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की और एथलेटिक्स में पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक के साथ 62वें स्थान पर रहा।

# रेवाड़ी की हाफ मैराथन राव तुलाराम जैसे वीर शहीदों को समर्पित : नायाब सिंह सैनी

**रेवाड़ी**, शशि सैनी (पंजाब केसरी) : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैराथन व राहगिरी कार्यक्रम सामाजिक सद्भाव के साथ ही स्वास्थ्य सुधार में प्रेरणादायक होते हैं। राज्य सरकार की ओर से हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत इस प्रकार के आयोजन निरंतर किए जा रहे हैं।



आज एक दौड़-देश के नाम थीम के साथ रेवाड़ी में आयोजित हाफ मैराथन महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम जैसे वीर शहीदों के गौरवशाली व्यक्तित्व को समर्पित है। मुख्यमंत्री रविवार को रेवाड़ी में राव तुलाराम स्टेडियम से रेवाड़ी हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हॉफ मैराथन में हजारों की संख्या में मौजूद धावकों के साथ दौड़ भी लगाई। साथ ही मुख्यमंत्री ने शहर के प्रमुख चौराहों पर स्थापित वीर सपूतों की प्रतिमाओं के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन भी किया। इस अवसर पर लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल, कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी हाफ मैराथन में भागीदारी की। मुख्यमंत्री ने शहर के राव तुलाराम स्टेडियम में पहुंचकर अमर शहीद राव तुलाराम के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की और स्टेडियम में वीर सपूत राव तुलाराम की प्रतिमा लगवाने की घोषणा की। साथ ही स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बनवाने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों को प्रशासनिक स्तर पर सरलता से पूरा करवाने की बात कही ताकि जिला मुख्यालय के स्टेडियम में खिलाडिय़ों को बेहतर खेल वातावरण मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में बिना पची-.बिना खर्ची के नॉन स्टॉप भर्तियां हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पारदर्शिता के साथ मेरिट पर सरकारी नौकरियों में भर्ती यूं ही करती रहेगी। युवा सिर्फ अपनी मेहनत, लगन और तैयारी पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की इस प्रकार की नीतियों की वजह से समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं को सशक्त मार्ग प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभा रही है और बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदान करते हुए सशक्त हरियाणा के निर्माण में अपना योगदान दे रही है।

# विभिन्न देशों से हिंदुओं का सफाया करने की कोशिश हो रही है : होसबाले

**बेंगलुरु,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को दावा किया कि विभिन्न देशों से हिंदुओं का सफाया करने की कोशिशें की जा रही हैं और उन्होंने हिंसाग्रस्त बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्धों और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

- हिंदुओं के मानवाधिकार चिंताजनक स्तर पर पहुंच गए हैं और इस संबंध में आवाज उठानी होगी



विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के क्षेत्रीय कार्यालय 'धर्मश्री भवन' के उद्घाटन के अवसर पर होसबाले ने कहा कि दुनिया के कई स्थानों पर हिंदुओं के मानवाधिकार चिंताजनक स्तर पर पहुंच गए हैं और इस संबंध में आवाज उठानी होगी। आरएसएस के दूसरे नंबर के नेता ने दावा किया कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हिंदू जिस देश में रहते हैं, उसके विकास में योगदान दे रहे हैं, वे नियमों और विनियमों का पालन करते हैं और शांति से रहते हैं, जो गर्व की बात है। होसबाले ने कहा, 'फिर भी, विभिन्न देशों से हिंदुओं का सफाया करने की कोशिशें हो रही हैं। हम देख रहे हैं कि बांग्लादेश में क्या हो रहा है। भारत सरकार अपनी तरफ से कोशिश कर रही है।' आरएसएस नेता ने कहा, ''बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्धों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा की जानी चाहिए। हमें अपनी आवाज उठानी होगी। कई देशों में हिंदुओं के मानवाधिकार चिंताजनक स्तर पर पहुंच गए हैं।' उन्होंने दावा किया कि हिंदू किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि खुद की सुरक्षा के लिए एकजुट हो रहे हैं। सभा को संबोधित करते हुए विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने चारों दिशाओं में शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों के कारण भारत के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को रेखांकित किया तथा हिंदू एकता पर जोर दिया।

## मत्स्य पालन ने खोले 682 युवाओं के लिए स्वरोजगार के द्वार

**शिमला**, विक्रान्त सूद (पंजाब केसरी) : प्रदेश में प्राकृतिक एवं मानव निर्मित जलाशयों, नदियों, तालाबों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक नवोन्मेषी पहल की जा रही है ताकि ग्रामीण जनता को कृषि व डेयरी के साथ-साथ मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी प्रोत्साहित किया जा सके। प्रदेश में 20 हजार से अधिक परिवार विभिन्न जलाश्यों, नदियों एवं तालाबों इत्यादि से मछली पकड़ने का कार्य कर रहे हैं। मत्स्य पालन में ग्रामीण युवाओं के स्वरोजगार की अपार संभावनाओं के दृष्टिगत मत्स्य विभाग द्वारा जनवरी, 2023 से जून, 2024 तक 682 युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए।

# भारत के लिए प्रमुख साझेदार है मालदीव : एस. जयशंकर

**माले,** (भाषा): विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख साझेदार है तथा दोनों देश अपने सहयोग को आधुनिक साझेदारी में बदलने की आकांक्षा रखते हैं। जयशंकर ने अड्डू पुनर्ग्रहण और तट संरक्षण परियोजना का हस्तांतरण समारोह और एक्जिम बैंक की ऋण सहायता के तहत भारत सरकार की मदद से बनाई गई 4-लेन डेटोर लिंक सड़क परियोजना के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। इस अवसर पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर भी मौजूद थे। जयशंकर ने कहा, ''मालदीव हमारे लिए हिंद महासागर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदार है। यह 'पड़ोसी प्रथम' की हमारी नीति के केंद्र में है। इसलिए यह बहुत ही स्वाभाविक है कि हमारे दोनों देशों के बीच सहयोग पारंपरिक भूमिका से आगे बढ़ गया है तथा आज वास्तव में एक आधुनिक साझेदारी बनने की आकांक्षा है।''

उन्होंने कहा, ''विकास के क्षेत्र में हमारे सहयोग का उद्देश्य लोगों के जीवन के सभी पहलुओं को छूना और उनके जीवन में इसके ठोस लाभ लाने के तरीके खोजना है।'' जयशंकर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अड्डू में लगभग 22 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत मालदीव में क्षेत्रीय विकास को कितना महत्व देता है। विदेश मंत्री ने कहा, ''आज हम अन्य देशों के अलावा सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक हैं। हम भारत से मालदीव में अधिक निवेश प्रवाह भी देख रहे हैं, खासकर पर्यटन क्षेत्र में।''

# क्रीमी लेयर पर भ्रम फैला रहा विपक्ष संविधान में नहीं है प्रावधान : मेघवाल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्ष पर अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के बीच 'क्रीमी लेयर' के संबंध में उच्चतम न्यायालय की ''टिप्पणी'' को लेकर लोगों के बीच भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि बी आर आंबेडकर के दिए संविधान में 'क्रीमी लेयर' का कोई प्रावधान नहीं है। मेघवाल ने कहा कि राजग सरकार आंबेडकर के संविधान का पालन करेगी और एससी तथा एसटी के लिए उसमें प्रदत्त आरक्षण व्यवस्था को जारी रखेगी। 'क्रीमी लेयर' का तात्पर्य एससी एवं एसटी समुदायों के उन लोगों और परिवारों से है, जो उच्च आय वर्ग में आते हैं। मेघवाल ने कहा कि विपक्ष जानता है कि शीर्ष अदालत ने 'क्रीमी लेयर' पर महज एक



''टिप्पणी'' की है, लेकिन वह फिर भी लोगों के बीच भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा था कि 'क्रीमी लेयर' के आधार पर एससी और एसटी को आरक्षण देने से इनकार करने का विचार ''निंदनीय'' है। उन्होंने यह भी कहा था कि सरकार को उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले के उस हिस्से को निष्प्रभावी करने के लिए संसद में एक कानून लाना चाहिए था, जो इस मुद्दे के बारे में बात करता है।

# एयरपोर्ट का एमआरओ हब विकसित करने की तैयारी शुरू

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परिसर में एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहाल) हब विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। एयरपोर्ट का निर्माण कर रही ज्यूरिख कंपनी ने एमआरओ हब के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी कर दिया है। एमआरओ निर्माण करने वाली कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियम व शर्तों के आधार पर विकासकर्ता कंपनी का चयन किया जाएगा, जिसे एमआरओ विकसित करने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

अथॉरिटी के एक अधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट के आसपास दो एमआरओ हब बनाए जाएंगे। पहला 40 एकड़ में बनेगा, जिसे ज्यूरिख (एयरपोर्ट निर्माण करने वाली कंपनी) बनाएगी। दूसरा एमआरओ एयरपोर्ट के पास 1365 हेक्टेयर में विकसित किया जाएगा। इसके निर्माण की जिम्मेदारी एनआईएएल की होगी, जिसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करने पर जोर दिया जा रहा है।

## धारा 10 के खेल में भवन विभाग के प्रबंधक को चेतावनी

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : प्राधिकरण में धारा 10 का खेल कोई नया खेल नहीं है। धारा 10 का नोटिस बता कर आवंटियों से पैसा वसूलने का साधन है। जिसकी शिकायत लगातार अधिकारियों को मिलती रहती है। कारवाई के नाम पर केवल खाना पूर्ति तक सीमित है। विगत दिवसों में भवन विभाग में धारा 10 के संबंध में निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही थी। इस संबंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के द्वारा प्रकरण में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। राहुल कुमार द्वारा वर्क सर्किल-2 से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर धारा 10 के नोटिस को निरस्त मानते हुए अवैध निर्माण संबंधी नोटिस को वापस लेने के आदेश प्राप्त करने के संबंध में विशेष कार्याधिकारी (ए.क.) के समक्ष प्रस्तुत की।

## गुना में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलट घायल

**गुना (मप्र),** (पंजाब केसरी): मध्य प्रदेश के गुना जिले में रविवार को एक हवाई पट्टी पर एक निजी उड्डयन अकादमी का एक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से दो पायलट घायल हो गए।

गुना कैंट थाने के प्रभारी दिलीप राजोरिया ने बताया कि दो सीट वाला सेसना 152 विमान अपराह्न करीब डेढ़ बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि ऐसी आशंका है कि विमान इंजन में खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया और दुर्घटना से पहले उसने करीब 40 मिनट तक उड़ान भरी थी।

उन्होंने बताया कि विमान में सवार दो पायलट को चोट आयी हैं, लेकिन वे खतरे से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पायलट को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अधिकारी ने बताया कि यह विमान जांच और रखरखाव के लिए कुछ दिन पहले यहां लाया गया था।

उन्होंने बताया कि घायल पायलट वी. चंद्र ठाकुर और नागेश कुमार हैदराबाद के रहने वाले हैं।

# बेसल इम्प्लांटोलॉजी पर सम्मेलन




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बेसल इम्प्लांटोलॉजी पर दूसरे वैश्विक सम्मेलन और कॉर्टिको-बेसल डेंटल इम्प्लांटोलॉजी की तकनीक पर तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का 9 से 11 अगस्त, 2024 तक JW मैरियट नई दिल्ली में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन स्वामी रामदेव जी ने किया और इसमें डॉ. महेश वर्मा, डॉ. जयकारा एसएम, डॉ. सुभाष चंद्र शेट्टी और डॉ. गोरकेम सेर्स सहित कई प्रसिद्ध हस्तियों ने भाग लिया।

प्रो. डॉ. वीरेंद्र कुमार एससी, इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इम्प्लांट डेंटिस्ट्री (आईएफएफआईडी) के अध्यक्ष और एम अकादमी स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 400 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। दुनिया भर के 45 से अधिक प्रमुख वक्ताओं ने कॉर्टिको-बेसल डेंटल इम्प्लांट्स पर अपनी विशेषज्ञता का योगदान दिया। प्रमुख दंत चिकित्सा उपकरण कंपनियों ने भी अपने नवीनतम उत्पादों का प्रदर्शन किया। सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कुमार एससी ने पिछले सात वर्षों में शिक्षा, ज्ञान और तकनीकों में हुई महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन प्रगतियों ने चिकित्सकों को बहुत लाभ पहुँचाया है, जिससे कॉर्टिको-बेसल इम्प्लांटोलॉजी के गतिशील क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता और सीखने में वृद्धि हुई है।

## बदला लेने के लिए महिला के साथ गैंगरेप

**लुधियाना,** (पंजाब केसरी): पंजाब के लुधियाना में एक व्यक्ति ने अपने परिवार के तीन सदस्यों के साथ मिलकर एक विवाहित महिला के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी व्यक्ति की बेटी पीड़िता के भाई के साथ चली गई थी जिसका कथित रूप से बदला लेने के लिए उसने इस घटना को अंजाम दिया। उन्होंने रविवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी आरोपियों ने कथित तौर पर इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में भी रिकॉर्ड कर लिया। पुलिस ने कहा कि यह घटना एक मई को हुई थी, लेकिन पीड़िता इतनी सदमे में थी कि वह लंबे समय तक मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सकी। अधिकारियों ने बताया कि कथित सामूहिक बलात्कार के सदमे से उबरने और स्थिर होने के बाद ही उसने शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस से संपर्क किया। पुलिस के अनुसार, टिब्बा रोड थाने में चार आरोपियों - रविंदर सिंह, उसके भाई वरिंदर सिंह, बेटे अमन सिंह और एक अन्य सहयोगी संतोष सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।**

# एक मिशन एक सेवा

बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दुःख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सके।



**स्व. गुरजीत सिंह माकन जी के 74वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में माकन परिवार आजाद पुर मंडी की ओर से वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब को 11,000 रु का योगदान दिया।**

## दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाऊंट नंबर** 3075002102006705 में देय होनी चाहिए।

हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

*** यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

**पता :- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब**
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 01130712376, 09871598497, 9810107375 पर संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**



**स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज**



*देश भर में अपनी अमृत धारा से सत्य की अनुभूति देशवासियों को कराने वाले राष्ट्र संत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सौजन्य से लाखों लोग लाभ उठा रहे हैं उनके प्रवचनों पर आधारित यह ज्ञान गंगा पाठकों का कल्याण करेगी ऐसा विश्वास है।*

# अपने अंदर से ही मिलता है सुख

**शांति,** स्थिर और एकाग्र मन में सुख रूप आत्मा की झलक प्रतिबिंबित होती है जिससे भीतर सुखानुभूति होती है, भले ही वह एकाग्रता किसी भी कारण से क्यों न हो। ऐहिक वस्तुओं की प्राप्ति पर भी आप जिस सुख का अनुभव करते हैं, वास्तव में वह सुख भी आपको उस वस्तु विशेष से नहीं मिला अपितु अपने ही भीतर से, अपने ही मन की एकाग्रता से मिला है। यह बात आपको अवश्य विस्मित करेगी लेकिन आपको मानना होगा कि यह जीवन की आधारभूत सच्चाई है। इसी में निहित है सूखी जीवन का अनूठा रहस्य! यद्यपि अभी आपको यह बात कुछ दुसह सी प्रतीत हो रही होगी परंतु विचार करके देखिए- आपके समस्याग्रस्त दुखद जीवन की समस्त गुत्थियां खुल जाएंगी इस अत्यंत उपादेय भाव की सम्यक समझ आ जाने पर। आपके अंत: करण में अवस्थित अज्ञान धूल-धूसरित हो जाएगा- यदि आपने इस रहस्य को रहस्य ही न रहने देकर अपने जीवन में इसे क्रियान्वित कर लिया। इस विषय के साथ ही साथ अपने मन की गहराइयों में भी प्रवेश करते जाइए। निष्पक्ष होकर अपने आपको निरीक्षण भी करते रहिए। आप देखेंगे कि नि: संदेह कितनी बड़ी भूल हो रही थी जीवन में? किस स्वप्न में खो चुका था आपका जीवन? कहां अंधकार में ही पत्थर फेंकते रहे सारी आयु? आधारभूत तथ्यों से परिचत हुए बिना कैसै-कैसे खिलवाड़ करते रहे आप अपने अमूल्य जीवन के साथ? बस, ज्यों ही अपने प्रति इन सचेतक भावों-विचारों ने मन में स्थान बनाया, तभी समझ लीजिए कि अब आपकी कायाकल्प होने वाली है, क्योंकि मन अपनी अज्ञानता-नासमझी को अब स्यवं ही स्वीकार करने लगा है। सांसारिक जीवन के धुंधलेपन के प्रति अब वह जागरुक होता जा रहा है। मुबारक हो ऐसी जागीरुकता! नि:संदेह अब आप धन्यता की सीमाओं में प्रवेश पाने के लिए योग्यता की कसौटी पर आ चुके हैं। अपनी विचार शक्ति को और प्रखर बनाइए। जन्म-जन्मांतरों से सुप्त, गुप्त एवं लुप्त अपनी इस बहुमूल्य संपदा का यथेष्ट लाभ उठाइए। आपका जीवन अब एक सुखद मोड़ की ओर बढ़ चला है। अपनी मानसिक शक्ति को समुन्नत बनाते हुए इसे और तीव्रता प्रदान कीजिए। इसकी गति बढ़ाइए, तनिक लंबे पग रखिए-बहुत महत्वपूर्ण है यह समय आपके लिए।

**अपने भीतर झांक कर देखिए**

मानसिक शक्ति को समुन्नत बनाने का अभिप्राय है- अपने विचारों को संसार के दलदल से निकालकर इन्हें उस शिखर की ओर ले लाना जहां पहुंचकर आप एक विलक्षण शांति पाएंगे। विचारों की यह पराकाष्ठा आपको विचार रहित विश्रांति का अनुपम रसास्वादन कराएगी। आपका तन-मन, अंग-प्रत्यंग प्रत्युम रोम-रोम पुलकित हो उठेगा। क्या इस अवस्था में अपने-आपको ले जाने के लिए आप उत्कंठित नहीं हुए अब भी? क्या रोमांचित नहीं हो गया आपका तन-मन? क्या विचारों के दुर्गंधपूर्ण पंक आपके जीवन में सड़ांध नहीं उत्पन्न कर रहे? क्यों नहीं ऊबते आप इससे? क्या घृणा नहीं होती आपको ऐसे जीवन से? क्या जीवन को इन आनंद-शिखरों की ओर ले जाने की उत्सुकता उत्पन्न हुई आपके जीवन में? यदि पहले नहीं तो अब अपना निरीक्षण करें। देखें, अपने भीतर झांककर! क्या ऐसा ही है? तो आइए इस विचार शक्ति को प्रखर बनाते हुए हर पग के साथ, हर क्षण के साथ अपने आपको आगे बढ़ाते चलिए निर्विचार स्थिति की ओर। सर्वेश्वर पग-पग पर आपके सहायक होंगे। निश्‍िचत होकर आगे बढ़ते रहिए।

**विचार ही जीवन बनाता-बिगड़ता है**

विचारमग्न होने, गंभीर चिंतन करने, सोचने या गहराई में उतरने का पुन: -पुन: अनुरोध किया जा रहा है, केवल इसलिए कि विचार ही जीवन को बनाने अथवा बिगाड़ने का आधार है। आपका जीवन अवलंबित है विचारों पर ही। विचार ही आपके यथार्थ चित्र हैं। (क्रमश:)

## व्रत एवं त्यौहार अगस्त 2024

| पर्व | तिथि | वार |
|---|---|---|
| दुर्गाष्टमी, श्रावण सोमवार (चार) | 12 अगस्त | सोमवार |
| मंगल अष्टमी | 13 अगस्त | मंगलवार |
| ससियो | 14 अगस्त | बुधवार |
| स्वतंत्रता दिवस, भद्रा | 15 अगस्त | गुरुवार |
| पवित्रा एकादशी | 16 अगस्त | शुक्रवार |
| शनि प्रदोष, त्रयोदशीक्षय | 17 अगस्त | शनिवार |
| रवि चतुर्थ | 18 अगस्त | रविवार |

## श्रावण सोमवार (4)


**श्रावण** मास का चौथा सोमवार 12 अगस्त को है और इस दिन भगवान शिव की पूजा प्रावधान तो तय है ही लेकिन दुर्गाष्टमी भी पड़ रही है। मां दुर्गा की पूजा करने से भगवान शिव की भी कृपा प्राप्त होती है। सारी शक्तियां मां पार्वती द्वारा ही सृजित है। यह एक संयोग ही है कि दुर्गाष्टमी और श्रावण सोमवार एक ही दिन है। भगवान शिव की पूजा से भक्तों को धन-धान्य मिलता है। अनेक लोग कांवड़ियों के रूप में भगवान शिव की पूजा भी करते है। भगवान किसी भी रूप में मिल सकते हैं। शिव परिवार हर किसी पर अपनी कृपा लुटाते हैं।



# जब सकाम कर्मों का होता है अतिक्रमण

**वहां** उसे सब पर्व जन्म कृत-हो जाती समता पनि जाग्रत योगभ्रष्ट वैराग्यवान् जब लेता जन्म योग रत कुल तब संग महापुरुषों का पाता-स्वत: साधन की सिद्धि के विषय में - करता साधना में लग जाता यत्न विशेष रूप में

**सम्बन्ध**- अब शुद्ध श्रीमानों के घर में जन्म लेने वाले योगभ्रष्ट का वर्णन करते वह श्रीमानों के घर में जन्म लेने वाला योगभ्रष्ट भोगों के परवश होता हुआ भी पूर्व जन्म के अभ्यास के कारण ही परमात्मा की ओर आकर्षित हो जाता है, क्योंकि समता अर्थात् समबुद्धिरूप योग का जिज्ञासु भी वेद में कहे हुए सकाम कर्मों का अतिक्रमण कर जाता है।।



प्यारे लाल त्रिवेदी

**दोहा - योगभ्रष्ट को स्वर्ग के, भोगों के पश्चात्।**
**पुनर्जन्म श्रीमान् घर, इसी लोक जब प्राप्त।।**
**विवश भोग आसक्त भी, पूर्व योग अभ्यास ।**
**परमात्मा की ओर वह, खिंचता बिना प्रयास।।**

होती उसे योग बदपि न योगारूढ़ ही अभी-अरुचि न संग्रह भोग से अभी किन्तु साधना की व्याकुलता- वह उद्देश्य बनाता समता जिज्ञासा- भगवत् प्राप्ति प्रबल अभिलाषा जो जप दान आदि कुछ करते- किन्तु सकाम भाव से करते उनसे श्रेष्ठ व्यक्ति वह होता- जो जिज्ञास योग का होता सकाम कर्मों का अनुशीलन- वेदों में उनका जो वर्णन उन सब कर्मों का फल जो भी जाता लांघ उन सभी को भी अस

**श्रीमद्भगवद् गीता - सुगम हिंदी व्याख्या**

महत्त्व जिज्ञासु का जहां- योगभ्रष्ट है श्रेष्ठतर वहां। जबकि इस प्रकार मन्द प्रयत्न करने वाला योगी भी परम गति को प्राप्त हो जाता है तब क्या कहना कि अनेक जन्मों से अंत:करण की शुद्धिरूप सिद्धि को प्राप्त हुआ और प्रयत्न से अभ्यास करने वाला योगी सर्व पापों से मुक्त होकर उस साधन के प्रभाव से परमगति अर्थात् परमात्मा को प्राप्त कर लेता है।।

**दोहा - योगभ्रष्ट श्रीमान् घर, करता यत्न विशिष्ट।**
**दोष पाप अंत:करण, के हो जाते नष्ट परमात्मा की प्राप्ति की, बढ़ती प्रतिदिन चाह।**
**उत्कण्ठा एवम् लगन, तत्परता उत्साह ।।**

शुद्धि प्रत्येक जन्म की क्रमश: - होती योग से पूर्ण अन्तत: तब वह राग रहित हो जाता- और परमगति को पा जाता।

**सम्बन्ध** - अब भगवान योग की महिमा बताते हैं। योगी सकाम तपस्वियों से भी श्रेष्ठ है, ज्ञानियों से भी योगी श्रेष्ठ माना गया है और सकाम कर्म करने वालों से भी योगी श्रेष्ठ है। अतएव हे अर्जुन! तू योगी होजा॥

तीर्थ का उद्देश्य योग ही तपस्वियों का लक्ष्य आर्थिक- योगी श्रेष्ठ ध्येय परमार्थिक भूख-प्यास किन्तु कामना जो शास्त्रों का करें अध्ययन- ज्ञान कर्म आदि का विवेचन किन्तु लक्ष्य ऐश्वर्य भोग ही- योगी इन सकाम कर्मी लोगों से- योगी श्रेष्ठ विरत भोगों से दान यज्ञादिक ध्येय भोग लौकिक स्वर्गादिक करते-

**दोहा - तपस्वियों में सहिष्णुता,**
**ज्ञानियों में मति ज्ञान।**
**कर्मियों में कुछ क्रियायें, इनमें यही प्रधान।।**

यह तीनों योगी नहीं, भोगी क्योंकि सकाम।। इनसे योगी श्रेष्ठ है, वह होता निष्काम।। कर्मयोग अरु सांख्य योग को - समझाया पुनि ध्यान योग को अर्जुन अत: बनो तुम योगी-यह ही क्रिया श्रेयकर होगी ।


**सम्बन्ध**-अर्जुन को भगवान योगी होने की आज्ञा दे चुके परन्तु कर्मयोगी, ज्ञान योगी, ध्यान योगी, भक्ति योगी आदि में से कौन-सा योगी होना चाहिये-इसके लिये स्पष्ट रूप से आज्ञा नहीं दी। अर्जुन भक्ति योगी बने- इस उद्देश्य से भगवान अब भक्ति योग की विशेष महिमा कहते हैं।

सम्पूर्ण योगियों में भी जो श्रद्धावान् भक्त मुझमें अपने मन को पूर्णरूप से तल्लीन करके मेरा भजन करता है, मेरे मत में वह सर्वश्रेष्ठ योगी है ।। जो मुझ में अति श्रद्धा रखता अपना सब कुछ मुझे समझता बदपि करे व्यवहार जगत में- किन्तु मगन मेरे चिन्तन में सभी कर्म वह ऐसे करता-जिनसे हो मेरी प्रसन्नता मन मुझमें तन्मय हो जाता-कर्म प्रत्येक भजन बन जाता उसका वैर न कहीं किसी से - सब पर करुणा प्रेम सभी से भगवत् प्रेम प्रकट हो जाता-जो प्रतिक्षण बढ़ता ही जाता

**दोहा- मां पर निर्भर सर्वथा, जैसे शिशु नवजात ।**
**मुझ पर आश्रित उसी विधि, योगी भक्त नितान्त**
**कभी भक्तियोगी नहीं, होता योग से भ्रष्ट ।**
**सर्वश्रेष्ठ योगी वही, मेरा मत स्पष्ट।।**

(क्रमश:)





**सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज** | **निरंकारी बाबा हरदेव सिंह**

# सच्चा भक्त कभी किसी चीज का अभिमान नहीं करता

**इसका** असर कब खत्म होता है? कब कम होता है? जब हम इससे ऊंची अवस्था में पहुंच जाते हैं। हम हरि-परमात्मा, इस निराकार के साथ नाता जोड़कर इसके हो जाते हैं। भक्त किसी चीज का अभिमान नहीं करता। चाहे कितनी दौलत आ जाए, चाहे कितना कारोबार हो जाए, चाहे शरीर में कितनी ही ताकत आ जाए, चाहे कितने ही इंसान उसके पीछे साथ देने वाले हो जाएं, चाहे हुकूमतें आ जाएं, चाहे उसको अनेकों मूल्यवान वस्तुएं प्राप्त हो जाएं, वह किसी चीज का भी अभिमान नहीं करता। ऐसे संत को सम्मान भी अपने आप मिल जाता है। पदार्थों की आवश्यकता तो हरेक इंसान को है। शरीर के लिए हर पदार्थ की जरूरत पड़ती है, लेकिन अगर इस हरि, इस नाम धन के साथ संबंध जुड़ा हुआ है, तो चाहे झोंपड़ी में रहता हो, तब भी भक्त संतुष्ट रहता है। अगर दातार की कृपा से महल प्राप्त हो जाते हैं, तब भी संतुष्ट और नम्र रहता है। प्रभु ने यह रचना रची है, ये दातें दी हैं। ये इस्तेमाल के लिए ही दी हैं, ये ठुकराने या तोड़ने के लिए नहीं दीं। ये दी तो इंसानों के लिए हैं, लेकिन इन्हें पाकर इंसान ऐसा भटका कि इन्हीं में ही उलझकर रह गया और देने वाले को भूल गया है। अगर किसी दोस्त ने कोई घड़ी हाथ में बांधने के लिए दी है, तो उसने एक अमानत दी है। उस घड़ी की संभाल जरूरी है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए कि हम घड़ी की तरफ ही देखकर सड़क पर चलना शुरू कर दें। हमारी निगाह घड़ी पर ही रहेगी, तो हम किसी न किसी के साथ जाकर जरूर टकरा जाएंगे। (क्रमश:)

# वैभव कम या ज्यादा हो बादशाहत में फर्क नहीं पड़ता

**संसार** में वैभव ज्यादा मिले या कम, हमारी बादशाहत में कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि परमात्मा की कायनात की बादशाहत यदि आपके पास है तो उससे बड़ा तो कुछ है ही नहीं। संसारी कायनात इधर मिली और उधर छीन ली जाएगी? ये तो दूसरों के हाथों की गुलाम बादशाहत्य के जैसा है। हम स्वयं के स्वामी बनें अपने स्वरूप का आह्वान करें, आपके भीतर सारे आकाश को अपनी बाहों में समा लेने की क्षमता है, उसे अर्जित करें। जहां भी मैं पन या मेरे पन का ठप्पा लगेगा वहीं दु:ख प्रकट होगा। हमारे दु: खों का कारण भी यही है। चाहे हमारी बहुत ऊंची स्थिति हो, बहुत ऊंचा ज्ञान हो और फिर चाहे हम संतों के चरणों में ही क्यों न बैठते हों फिर भी प्रारब्धजन्य कष्ट तो भोगने ही पड़ेंगे। हमारे बहुत से सत्संगी ऐसे हैं जिनका कष्ट देखने पर हमारा हृदय भी उद्वेलित होने लगता है लेकिन प्रारब्ध के भोग तो परम ज्ञानियों को भी भोगने पड़ते हैं। ये संचित कर्म हैं जो सुख-दु:ख बनकर हमारे सामने खड़े हो जाते हैं, हमारा बेटा बनकर, हमारी बेटी बनकर, हमारा पति बनकर। ये जो हमें सुख या दु:ख देते मालूम पड़ते हैं ये कौन हैं? यदि हमारे पापों ने हमें बंदी बनाया है तो हम हमारे पुण्यों के भी बंदी हैं। हमें यदि पाप कर्मों के बंधन से छूटना है तो फिर पुण्य कर्मों के प्रतिफल की आशा भी नहीं रखनी है।



दीदी मां ऋतंभरा

कई बार लोग भजन कराने के लिए कहते हैं कि करो नहीं तो नर्क में जाओगे, लेकिन भय और प्रलोभन के कारण भजन करना, यह प्रेम और भक्ति नहीं है। भक्त, भय और प्रलोभन दोनों से ऊपर उठ जाता है। वह बिना भय के, बिना प्रलोभन के प्रभु का अहर्निश स्मरण करता है। भारत के ऋषि-मुनियों ने बहुत गहरे अर्थों से दोनों हाथों को जोड़ने की विद्या को जाना। दोनों हाथ जोड़ना जो हमारे यहां है यानी द्वैत से ऊपर उठ जाना। जहां दूरी नहीं, जहां द्वैत नहीं, जहां द्वंद्व नहीं, जहां चुनाव नहीं, जहां दोनों हाथ जुड़ गए। सारी प्रकृति ही ईश्वर है, कभी-कभी ऐसी भाव दशा बनते ही आपके दोनों हाथ जुड़ गए होंगे। (क्रमश:)

## केसरी सूडोकू- 2943

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 4 | 2 | | | | |
| 8 | 1 | | | | | 2 | | |
| 3 | | | | | 9 | 7 | | 5 |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| | 2 | 4 | | | | 1 | 6 | |
| 6 | | | | | | | | 4 |
| 1 | | 7 | 8 | | | | | 2 |
| | | 8 | | | | | 9 | 1 |
| | | | | 4 | 6 | | 8 | |

**हल करने का तरीका**

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
- आड़ी व खड़ी पंक्ति में और 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

**सूडोकू 2942 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 2 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 5 | 3 | 7 | 2 | 1 | 6 | 9 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 7 | 2 | 3 |
| 8 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 | 6 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 | 8 | 6 | 7 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 6 | 5 | 2 | 4 | 9 |

# मिंबर के पहले दर्जे पर रखा कदम तो आवाज उठी आमीन

**फजाइले अमाल**



**पांचवीं** खुसूसियत यह है कि रमजानुल मुबारक की आखिरी रात में सब रोजेदारों की मग्फिरत कर दी जाती है। यह मज्मून पहली रिवायत में भी गुजर चुका है। चूंकि रमजानुल मुबारक की रातों में शबे कद्र सबसे अफ्जल रात है, इसलिए सहाबा किराम रजि. ने ख्याल फरमाया कि इतनी बड़ी फजीलत इसी रात के लिए हो सकती है, मगर हुजूर सल्ल. ने इर्शाद फरमाया कि इसके फजाइल मुस्तकिल अलाहिदा चीज हैं। यह इन्आम तो खत्म रमजान का है। कअब बिन उजरा कहते हैं कि एक मर्तबा पैगंबर साहब ने इर्शाद फरमाया कि मिंबर के करीब हो जाओ। हम लोग हाजिर हो गए। जब हुजूर सल्ल. ने मिंबर के पहले दर्जे पर कदम रखा तो फरमाया 'आमीन'। जब दूसरे पर कदम रखा तो फिर फरमाया 'आमीन'। जब तीसरे पर कदम रखा तो फिर फरमाया 'आमीन'। जब आप खुत्बे से फारिग होकर नीचे उतरे तो हमने अर्ज किया कि हमने आज आपसे (मिंबर पर चढ़ते हुए) ऐसी बात सुनी जो पहले कभी नहीं सुनी थी। आपने इर्शाद फरमाया कि उस वक्त जिब्रील अलैहिस्सलाम मेरे सामने आए थे (जब पहले दर्जे पर मैंने कदम रखा, तो) उन्होंने कहा कि हलाक होजियो वह शख्स, जिसने रमजान का मुबारक महीना पाया, फिर भी मग्फिरत न हुई। मैंने कहा आमीन। फिर जब मैं दूसरे दर्जे पर चढ़ा तो उन्होंने कहा, हलाक होजियो वह शख्स जिसके सामने आपका जिक्र मुबारक हो और वह दरूद न भेजे। मैंने कहा आमीन। जब मैं तीसरे दर्जे पर चढ़ा तो उन्होंने कहा, हलाक हो जियो वह शख्स जिसके सामने उसके वालिदैन या उनमें से कोई एक बुढ़ापे को पाए और वे उसको जन्नत में दाखिल न कराएं। मैंने कहा आमीन।

इस हदीस में हजरत जिब्रील अलैहिस्सलाम ने तीन बद्दुआएं दी हैं और पैगंबर साहब ने इन तीनों पर आमीन फरमाई : अव्वल तो हजरत जिब्रील अलैहिस्सलाम जैसे मुकर्रब फरिश्ते की बद्दुआ ही क्या कम थी और फिर हुजूरे अक्दस सल्ल. की आमीन ने तो जितनी सख्त बद्दुआ बना दी, वह जाहिर है। (क्रमश:)

**सत्यार्थ प्रकाश**



**आर्य समाज का महान ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश जिसके रचयिता स्वामी दयानंद सरस्वती जी हैं, में जीवन को सही दिशा में ले जाने के सूत्र हैं और अगर इंसान इसे पढ़े और इसकी शिक्षाओं पर चले तो मानव का कल्याण तो होगा ही बल्कि समाज में भी कुरीतियां दूर होंगी और नैतिक संस्कारों का उजाला होगा। पाठकों की भारी मांग पर इसे प्रस्तुत किया जा रहा है।**

# जीव से ईश्वर, ईश्वर से जीव और दोनों से प्रकृति

**दूसरा** परमात्मा कर्मों के फलों को (अनश्नन्) न भोगता हुआ चारों ओर अर्थात भीतर-बाहर सर्वत्र प्रकाशमान हो रहा है। जीव से ईश्वर, ईश्वर से जीव और दोनों से प्रकृति भिन्न स्वरूप तीनों अनादि हैं॥ 1॥ (शाश्वती.) अर्थात अनादि सनातन जीव रूप प्रजा के लिए वेद द्वारा परमात्मा ने सब विद्याओं का बोध किया है॥ 2॥ यह उपनिषद् (श्वेता. 4। 5) का वचन है। प्रकृति, जीव और परमात्मा तीनों अज अर्थात जिनका जन्म कभी नहीं होता और न कभी ये जन्म लेते अर्थात ये तीन सब जगत के कारण हैं। इनका कारण कोई नहीं। इस अनादि प्रकृति का भोग अनादि जीव करता हुआ फंसता है और उसमें परमात्मा न फंसता और न उसका भोग करता है। ईश्वर और जीव का लक्षण ईश्वर विषय में कह आए।

**प्रकृति का लक्षण-**

अब प्रकृति का लक्षण लिखते हैं। (सत्व) शुद्ध (रज:) मध्य (तम:) जाड्य अर्थात जड़ता तीन वस्तु मिलकर जो एक संघात है उसका नाम प्रकृति है। ये उपनिषदों के वचन हैं। हे श्वेतकेतो, यह जगत सृष्टि के पूर्व, सत्॥ 1॥ असत्॥ 2॥ आत्मा॥ 3॥ और ब्रह्मरूप था॥ 4॥ पश्चात वही परमात्मा अपनी इच्छा से बहुरूप हो गया है। यह भी उपनिषद का वचन है। जो जगत है वह सब निश्चय करके ब्रह्म है। उसमें दूसरे नाना प्रकार के पदार्थ कुछ भी नहीं, किंतु सब ब्रह्मरूप हैं। (उत्तर.) क्यों इन वचनों का अनर्थ करते हो? क्योंकि उन्हीं उपनिषदों में : हे श्वेतकेतो, अन्न रूप पृथ्वी कार्य से जल रूप मूल कारण को तू जान। कार्य रूप जल से तेजो रूप मूल और तेजो रूप कार्य से सद्रूप कारण जो नित्य प्रकृति है उसको जान।

यही सत्य स्वरूप प्रकृति सब जगत का मूल घर और स्थिति का स्थान है। यह सब जगत सृष्टि के पूर्व असत् के सदृश और जीवात्मा ब्रह्म और प्रकृति में लीन होकर वर्तमान था, अभाव न था। और जो 'सर्व खलु' यह वचन ऐसा है जैसा कि 'कहीं का ईंट कहीं का रोड़ा भानमती ने कुनबा जोड़ा' ऐसी लीला का है, क्योंकि जैसे शरीर के अंग जब तक शरीर के साथ रहते हैं, तब तक काम के और अलग होने से निकम्मे हो जाते हैं, वैसे ही प्रकरणास्थ वाक्य सार्थक और प्रकरण से अलग करने व किसी अन्य के साथ जोड़ने से अनर्थक हो जाते हैं। सुनो, इसका अर्थ यह है-हे जीव, तू ब्रह्म की उपासना कर। जिस ब्रह्म से जगत की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय होता है, जिसके बनाने और धारण से यह सब जगत विद्यमान हुआ है व ब्रह्म से सहचरित है, उसको छोड़ दूसरे की उपासना नहीं करनी। इस चेतन मात्र अखंडैकरस ब्रह्म रूप में नाना वस्तुओं का मेल नहीं है, किंतु ये सब पृथक-पृथक स्वरूप में परमेश्वर के आधार में स्थित हैं। (पूर्व.) जगत के कारण कितने होते हैं? (उत्तर.) तीन, एक निमित्त, दूसरा उपादान, तीसरा साधारण। आप स्वयं बने नहीं दूसरे को प्रकारांतर बना दे। दूसरा उपादान कारण उसको कहते हैं जिसके बिना कुछ न बने, वही अवस्थांतर रूप होकर बने और बिगड़े भी। तीसरा साधारण कारण उसको कहते हैं कि जो बनाने में साधन और साधारण निमित्त हो। (क्रमश:)

# सर्वाधिक महत्व तो वर्तमान का है

**समय** के हम तीन खण्डों में बांटकर देखते हैं, भूत, वर्तमान और भविष्य। परंतु जीवन के लिए एक ही समय उपयोगी है और वह एक ही समय है, वर्तमान। वर्तमान में जो क्षण है वही क्षण मूल्यवान से मूल्यवान क्षण है। अतीत मृत है। अनागत कोरी कल्पना है। जो वर्तमान है वही सच है। उसी का मूल्य है। उस मूल्यवान को जो पहचान लेता है। उस मूल्यवान के मूल्य को जो जान लेता है उसे ही भगवान महावीर ने पंडित कहा है-**खणं जाणहि पंडिए।** अर्थात जो वर्तमान क्षण को पहचान लेता है वही पंडित है। पोथी-पन्ने पढ़ने वाले या लग्न-मुहूर्त्त देखने वाले पंडित नहीं है। वे तो संसारी है। उनके कंधे पर लदे पोथी-पन्ने इस बात का सबूत हैं कि वे अतीत के बोझ के साथ जी रहे हैं और उनके लग्न-मुहूर्त्त इस बात का प्रमाण है कि भविष्य की कल्पनाओं से मुक्त होता है। वह जानता है कि जो अतीत के गर्भ में विलीन हो गया है वह मर गया है और मरे को जीवित नहीं किया जा सकता है। जिसे लौटाए जाने का कोई उपाय नहीं है उसकी कैसी स्मृति। उसकी कैसी चिंता और जो अभी आया नहीं है, जो दूर है, उसकी कैसी कल्पनाएं। पंडित जानता है कि भविष्य की उधेड़बुन वर्तमान को नष्ट कर देती है। वर्तमान में जीना ही पाण्डितय है। वर्तमान में जीना ही धर्म है। कल अनिश्चित है। जो भी करने जैसा है वह आज और अभी करना चाहिए। भगवान महावीर से राजकुमार अतिमुक्त कुमार ने कहा, भंत्ते। मैं प्रव्रजित होना चाहता हूं। भगवान ने कहा, मां पडिबंध करेइ। अर्थात विलंब मत करो। शीघ्र प्रव्रजित बन जाओ। भगवान ने नन्हें राजकुमार से यह नहीं कहा कि तुम अभी छोटे हो या सोच-विचार करके दिक्षा लो। उन्होंने कहा, संन्यास लेना है तो जितना शीघ्र हो सके उतना शीघ्र ले लो। समय मात्र को भी व्यर्थ मत जाने दो। स्वयं पर चिंतन करें। संन्यास का प्रसंग आपके समक्ष आए तो? कभी वैराग्य जग जाए, कभी संन्यास को जीने के भाव बनें तो आप क्या करते है? आप सोच-विचार करते हैं। परिवार और मित्रों से सलाह करते हैं। सोच-विचार और मशविरे में ही वह क्षण खो जाता है जो आपके लिए अमृत क्षण बन सकता था। पर जरा चिंतन करें, क्रोध जगता है तो क्या आप सोच-विचार करते हैं? कोई लाभ का अवसर आता है तो क्या आप उसे कल पर टालते हैं? नहीं, तब आप सोच-विचार नहीं करते हैं। क्रोध जगता है तो तत्क्षण आप उसे कैश कर लेते हो। क्यों? क्योंकि क्रोध और लोभ पर आपकी श्रद्धा है। उसे आप सच-मानते हैं। धर्म वर आपकी श्रद्धा नहीं है। इसलिए उसके लिए आप खूब विचार-विमर्श करते हो और विचार-विमर्श में ही समय सरक जाता है। स्मरण रखो, वर्तमान सत्य है, शेष सब असत्य है। कल कभी नहीं आता है। (क्रमश:)



मुनि मणिभद्र

जब प्रयास ही नहीं करोगे तो मंजिल नहीं मिलेगी, सफर की शुरूआत के लिए कदम तो बढ़ाने ही पड़ते हैं।

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6




# विनेश के 'भाग्य' का फैसला कल

## सीएएस के एकमात्र मध्यस्थ को फैसला सुनाने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया

**पेरिस,** (आईएएनएस) कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) के एड-हॉक डिवीजन ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ विनेश फोगाट की अपील पर अपना फैसला सुनाने के लिए सोल आर्बिट्रेटर को अधिक समय दिया है। पेरिस ओलंपिक में दूसरे दिन के वेट-इन में 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण महिलाओं की 50 किलो स्पर्धा के फ़ाइनल से विनेश को अयोग्य करार दिया गया था। आईओए के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि सीएएस के तदर्थ प्रभाग ने एकमात्र मध्यस्थ माननीय के लिए समय बढ़ा दिया है। विनेश फोगाट बनाम यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी मामले में डॉ. एनाबेले बेनेट 13 अगस्त को शाम 6:00 बजे तक फैसला देंगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एक अधिकारी ने बताया कि तर्कसंगत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। आईओए एक प्रभावित पक्ष के रूप में मामले का



हिस्सा बन गया है। इस मामले में लड़ने वाले पक्षों को यदि वे चाहें तो कोई अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण देने के लिए 11 अगस्त तक का समय दिया गया है।इससे पहले शनिवार सुबह सीएएस के एड-हॉक डिवीजन ने कहा था कि वह शनिवार को शाम 6:00 बजे (भारतीय समयानुसार रात 9:30 बजे) पहलवान फोगाट के मामले पर अपना फैसला सुनाएगा।विनेश ने 50 किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबले से अयोग्य घोषित किए जाने के फैसले को चुनौती दी है और पेरिस ओलंपिक में युस्नेलिस गुज़मैन लोपेज के साथ साझा रजत पदक से सम्मानित होने के लिए सीएएस का दरवाजा खटखटाया है।एकमात्र मध्यस्थ डॉ. एनाबेले बेनेट एसी एससी (ऑस्ट्रेलिया) ने सभी पक्षों - आवेदक विनेश फोगाट, प्रतिवादियों यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ-साथ इच्छुक पक्ष के रूप में भारतीय ओलंपिक संघ को तीन घंटे तक सुना। पैनल पहले ही पक्षों को सुन चुका है, जिन्हें सुनवाई से पहले अपनी विस्तृत कानूनी दलीलें दाखिल करने और फिर मौखिक दलीलें पेश करने का अवसर दिया गया था। एकमात्र मध्यस्थ द्वारा यह संकेत दिया गया था कि आदेश का ऑपरेटिव भाग जल्द ही आने की उम्मीद की जा सकती है, उसके बाद पालन करने के कारणों के साथ एक विस्तृत आदेश जारी किया जाएगा।

## अभिनव बिंद्रा ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित



**पेरिस,** (भाषा) : भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनके 'विशिष्ट योगदान' के लिए प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया। बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करके भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बने बिंद्रा को शनिवार को यहां अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 142वें सत्र के दौरान यह सम्मान प्रदान किया गया।

## चीन ने 300वां ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता

**पेरिस,** (एपी) : चीन ने शनिवार को पेरिस खेलों में टेबल टेनिस का महिला टीम स्पर्धा का खिताब जीतकर ओलंपिक इतिहास में देश का 300वां स्वर्ण पदक जीता। चीन ने महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में जापान को 3-0 से हराकर लगातार पांचवां स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले शुक्रवार को पुरुष टीम ने यह उपलब्धि हासिल की थी। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सुन यिंगशा ने कहा कि हमारे में से प्रत्येक ने आज अपना सब कुछ झोंक दिया और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। दक्षिण कोरिया ने जर्मनी पर 3-0 की जीत के साथ कांस्य पदक जीता।

## उज्बेकिस्तान का दबदबा

**पेरिस,** (एपी) : उज्बेकिस्तान के प्रिय मुख्य मुक्केबाजी कोच तुलकिन किलिचेव को पेरिस ओलंपिक में अपनी टीम के पहले स्वर्ण पदक का जश्न मनाने के बाद ब्रिटेन के ट्रेनिंग स्टाफ के दो सदस्यों ने दिल का दौरा पड़ने से बचाया। देश के मुक्केबाजों ने इसकी पुष्टि की। उज्बेकिस्तान की टीम ने पेरिस खेलों में पांच स्वर्ण पदक जीते जो 20 वर्षों में किसी भी ओलंपिक टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस तरह किलिचेव के मुक्केबाजों ने अपने कोच को जश्न मनाने का मौका दिया जो पेरिस के एक अस्पताल में भर्ती हैं। बखोदिर जलोलोव ने अपना दूसरा सुपर हैवीवेट स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, ''(किलिचेव) वास्तव में एक कोच या पिता से कहीं अधिक हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमें पाला है। उन्होंने हमें शिक्षित किया है।






## ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने भारत 'ए' को सात विकेट से हराया

**ब्रिसबेन,** (भाषा): ताहिला मैकग्रा की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया महिला 'ए' टीम ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 क्रिकेट मैच में भारत 'ए' को सात विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो मैच क्रमश: पांच रन और आठ विकेट से जीते थे। भारत के 121 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ताहिला की 22 गेंद में आठ चौकों और दो छक्कों से नाबाद 51 रन की पारी के बदौलत सिर्फ 13.5 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर जीत दर्ज की। ताहिला ने तेज गेंदबाज शबनम शकील की गेंदों पर लगातार तीन चौके लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। ताहिला ने चार्ली नॉट (19) के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन भी जोड़े। सलामी बल्लेबाज ताहिला विल्सन (39 रन, 26 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) ने भी उपयोगी पारी खेली। इससे पहले किरण नवगिरे (38, 20 गेंद, छह चौके, एक छक्का) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाईं।

## मुक्केबाज लिन यू-टिंग ने स्वर्ण पदक जीता

**पेरिस,** (एपी) : ताइवान की लिन यू-टिंग ने पूरे पेरिस ओलंपिक मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दौरान संयमित और शांत रहने की लड़ाई लड़ी और इन खेलों का अंत स्वर्ण पदक के साथ किया। वह तब भी संयमित रहीं जब ऐसा लग रहा था कि दुनिया के अधिकांश लोग उन्हें बदनाम कर रहे हैं, उन्हें गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं और उनके अस्तित्व की प्रकृति पर ही सवाल उठा रहे हैं। यू-टिंग ने फाइनल में पोलैंड की जूलिया सेरेमेटा को 5-0 से हराकर अपने देश के लिए पहला ओलंपिक मुक्केबाजी स्वर्ण पदक जीता।

ग्लोबल Window

## सुकेश ने जैकलीन फर्नांडीज को जन्मदिन पर गिफ्ट किया 'यॉट'



मुंबई, (पंजाब केसरी): दिल्ली की जेल में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को उनके जन्मदिन पर यॉट गिफ्ट किया है। अभिनेत्री रविवार को अपना जन्मदिन मना रही हैं। सुकेश ने उपहार में जैकलीन को जो यॉट दिया है, उसका नाम भी अभिनेत्री के नाम पर रखा गया है। सुकेश ने अभिनेत्री को लिखे एक पत्र में इस बात का खुलासा किया है। यह वही यॉट है जिसे सुकेश ने 2021 में जैकलीन के लिए चुना था। सुकेश ने अपने लेटर में बताया कि 'लेडी जैकलीन' नामक यह यॉट इसी महीने डिलीवर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यॉट के सभी करों का भुगतान किया जा चुका है और यह पूरी तरह से वैध है।

## रूस की सीमा के 10 किमी अंदर तक पहुंची यूक्रेनी सेना



**कीव,** (एजेंसियां) : रूस और यूक्रेन के बीच ढाई साल से जारी जंग के बीच अब यूक्रेन ने रूस में घुसकर हमले तेज कर दिए हैं।

यूक्रेनी सेना रूस की सीमा के 10 किमी अंदर तक पहुंच गई है। रूसी प्रांत कुर्स्क के गवर्नर एलेक्सी स्मर्नोव ने बताया कि हमलों को देखते हुए 76 हजार लोग घर छोड़ कर जा चुके हैं। यूक्रेन के 1 हजार से ज्यादा सैनिक, 20 बख्तरबंद गाड़ियां और 11 टैंक रूस में मौजूद हैं। उन्होंने कई गांवों पर कब्जा कर लिया है। उनका अगला टारगेट सुद्जा शहर बताया जा रहा है। रूस-यूक्रेन जंग की शुरुआत के बाद से यूक्रेन की तरफ यह अब तक का सबसे बड़ा पलटवार है।

**यूक्रेन ने रूस के 15 सैन्य वाहनों को तबाह किया :** सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में रूस के ओक्टाब्रास्को शहर में 15 सैन्य वाहनों का काफिला क्षतिग्रस्त नजर आ रहा है। यह शहर रूसी सीमा से करीब 38 किमी दूर है। हमलों को देखते हुए रूस ने कुर्स्क में कई टैंक और रॉकेट लॉन्चर भेजे हैं। वहीं रूस के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को पहली बार रूस पर हमले की बात कबूली है। जेलेंस्की ने कहा कि हमारी सेना जंग को रूस की जमीन पर लेकर जा रही है।

उन्होंने साबित कर दिया कि वे इंसाफ बहाल करते हुए हमलावरों पर जरूरी दबाव डालने में सक्षम हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सैनिकों का शुक्रिया अदा भी किया।

### रूस के कुर्स्क न्यूक्लियर पावर प्लांट पर हमले का खतरा

यूक्रेनी हमले की वजह से कुर्स्क प्रांत के न्यूक्लियर पावर प्लांट पर खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, यह प्लांट सुद्जा शहर से करीब 60 किमी दूर है। इस बीच इंटरनेशनल अटॉमिक एनर्जी एजेंसी के चीफ राफेल ग्रॉसी ने चेतावनी जारी की है। उन्होंने दोनों देशों से सावधानी बरतने की अपील की है, जिससे परमाणु दुर्घटना को रोका जा सके।


SAMVAD RO.NO.1089/13/1753/2025/28818/142/7 Dt. 11/08/2024

